डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति माह की 1 एवं 16 तारीख को प्रकाशित, 16 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक | वर्ष-40 | अंक-08 | मूल्य ₹ 10.00

बहनों के जीवन को बदलने का संकल्प बना योजनाओं का आधार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षा-बंधन पर प्रदेश की लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 312.64 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर उन्हें विशेष उपहार दिया। 1000 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर अक्टूबर माह से 1250 रुपये दिए जाएंगे। योजना में प्रदेश की सवा करोड़ पात्र बहनों के खाते में 3 किस्तों में कुल 3 हजार 628 करोड़ 85 लाख से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है।

भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में प्रदेश की बहनों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान

भोपाल, आज प्रदेश में नारी शक्ति की आवाज गूंज रही है। आज यहां भाई बहन के पवित्र रिश्ते को प्रणाम करने आया हूं। बहनों के बिना दुनिया आगे नहीं बढ़ सकती। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने यह बात भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में प्रदेश की बहनों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि जीवन में पैतृक ग्राम में ही बहनों के साथ भेदभाव के प्रसंग देखे। समाज में बेटों की संख्या ज्यादा होने लगी थी। महिलाओं के जीवन को सम्मानजनक बनाने के लिए तभी संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री बनने के पहले विधायक और सांसद के रूप में भी अभावग्रस्त परिवारों की बेटियों के विवाह करवाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों के जीवन को संवारने के संकल्प को बाद में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रकट किया। यह संकल्प महिला कल्याण योजनाओं का आधार बना। मैं बेटियों और बहनों की आँखों में आँसू नहीं देख सकता। बहनों की जिंदगी बदलना मेरे जीवन का संकल्प है।

(शेष पृष्ठ 9 पर)

किश्तों का विवरण

जबलपुर - 1 हजार 209 करोड़ 64 लाख 47 हजार रुपए।

इंदौर- 1 हजार 209 करोड़ 62 लाख 19 हजार रुपए।

रीवा - 1 हजार 209 करोड़ 59 लाख 22 हजार रुपए।

भोपाल - 27 अगस्त को रुपये 250/- के मान से कुल राशि 312 करोड़ 64 लाख 1 हजार 250 रुपये।

पुस्तक विमोचन समारोह



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किया मन की बात कार्यक्रम की पुस्तकों का विमोचन

मैन विद अ विजन और मैन ऑन अ मिशन हैं प्रधानमंत्री

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की पुस्तकों के विमोचन समारोह में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले 9 वर्षों के छोटे से अंतराल में भारत कुछ नहीं कर सकता से, भारत ही कर सकता है की भावना सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त हुई है। यह भारत का सौभाग्य है कि हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

(शेष पृष्ठ 9 पर)

खंड दो	खंड तीन
• प्रधानमंत्री जी के जून 2020 से मई 2021 तक के 86 भाषणों का संग्रह।	• प्रधानमंत्री जी के जून 2021 से मई 2022 तक के 80 भाषणों का संग्रह है।
• आत्मनिर्भर भारत, सिटीजन-फर्स्ट गवर्नेंस, कोविड-19	• पुस्तक में स्टार्टअप इंडिया, सुशासन सबका प्रयास, स्वास्थ्य पर बदलता विश्व।
• बदलता विश्व, उदीयमान भारत, जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान।	• उदीयमान भारत, छोटा किसान बने देश की शान, नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति।
• शाश्वत भारत-आधुनिक भारत और मन की बात के दस खंडों में विभाजित।	• खेलो इंडिया-फिट इंडिया, शाश्वत भारत और मन की बात नाम से 9 खंड हैं।

श्री राजेन्द्र शुक्ल को मिला जनसंपर्क विभाग का प्रभार

भोपाल, मध्यप्रदेश शासन द्वारा नवनियुक्त मंत्रिपरिषद के सदस्यों को विभाग आवंटित करने संबंधी आदेश जारी कर दिये गये हैं। शासन द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार मंत्री श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन को नर्मदा घाटी विकास, मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल को जनसम्पर्क और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और राज्य मंत्री श्री राहुल सिंह लोधी को कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) और वन विभाग का प्रभार सौंपा गया है।

मध्यप्रदेश सरकार का पेंशनरों के हित में बड़ा फैसला

भोपाल, राज्य शासन ने पेंशनरों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए पेंशनरों तथा परिवार पेंशनरों को एक जुलाई, 2023 से

छठवें वेतनमान में अब 221% और सातवें वेतनमान में 42% मंहगाई राहत

छठवें वेतनमान में मूल पेंशन, परिवार पेंशन पर 221% और सातवें वेतनमान में 42% की दर से मंहगाई राहत स्वीकृत की है। बढ़ी हुई राशि माह जुलाई, 2023 पेंशन, परिवार पेंशन जो अगस्त, 2023 से देय होगी।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सूचना एवं प्रौद्योगिकी

विगत 16 वर्षों में नवाचारों के लिये मध्यप्रदेश को मिले 23 राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार

भोपाल, शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में अव्वल मध्यप्रदेश ने एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मध्यप्रदेश को विगत 16 वर्षों में ई-गवर्नेंस व्यवस्थाओं के बेहतर उपयोग और संचालन के लिये 23 राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रदेश को यह पुरस्कार वर्ष 2007 से लेकर अब तक राष्ट्रीय स्तर पर किये गये कार्यों के लिये दिये गये हैं। प्रदेश में हुए इन नवाचारों से लाखों नागरिकों को लाभ मिला है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जल- (सुपरवाइजरी कंट्रोल और डेटा एक्विजिशन) परियोजना के लिए सिल्वर पुरस्कार जीता है।

अन्य राज्यों ने भी अपनाई प्रक्रिया-

प्रदेश में हुए इन प्रयासों को अन्य राज्यों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में भी लागू किया गया है जिससे उनको सार्वभौमिक स्वीकार्यता के लिए प्रशंसा मिली है। वर्ष 2007 में एकीकृत कोषालय कंप्यूटरीकरण, 2008 में जबलपुर कलेक्ट्रेट में टेली-भुगतान, 2010 में वनवासियों के सर्वेक्षण की व्यवस्था और एमपी ऑनलाइन, समग्र पोर्टल, पंच परमेश्वर पोर्टल, ईदौर 311 ऐप, पेंशन पोर्टल, ऑनलाइन सामाजिक सुरक्षा योजना प्रबंधन प्रणाली, एमपी श्रम सेवा पोर्टल, स्पर्श - दिव्यांगों की सहायता, पुनर्वास और दिव्यांगों को सशक्त बनाने की विशेष परियोजना, राज्य स्कूल शिक्षा पोर्टल, स्वचालित मीटरिंग सिस्टम और फायर अलर्ट और संदेश देने जैसी पहल को राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा मिली है।

हितग्राहियों को मिला लाभ

नवाचारी आईटी-आधारित गवर्नेंस व्यवस्थाओं को मिले प्रोत्साहन से प्रेरित होकर कई विभागों ने नवाचारी व्यवस्थाएं लागू की हैं, जिनसे विभिन्न विकास योजनाओं और कार्यक्रमों के लक्षित हितग्राहियों को लाभ हुआ है।

- शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जल- (सुपरवाइजरी कंट्रोल और डेटा एक्विजिशन) परियोजना के लिए सिल्वर पुरस्कार जीता है।

(शेष पृष्ठ 9 पर)

वरिष्ठजनों की विभिन्न सेवाओं के लिए हेल्पलाइन 14567

भोपाल, मध्यप्रदेश में हेल्प एज इंडिया के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर 14567 संचालित है। हेल्पलाइन पर इस वर्ष प्राप्त 13 हजार 923 कॉल पर सतत कार्यवाही जारी है। मई 2021 से प्रदेश में आरंभ हेल्पलाइन द्वारा वरिष्ठजन को उनसे संबंधित विभिन्न सेवाओं, समस्याओं के निदान की जानकारी दी जाती है।

प्रदेश में निराश्रित वृद्धजन के लिए अलग-अलग जिलों में प्रति भवन 3 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से 11 नवीन वृद्धाश्रम भवन का निर्माण कराया गया है। प्रदेश में 77 वरिष्ठ आश्रमों में 2208 वरिष्ठजन को लाभांवित किया जा रहा है।

प्रदेश में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भरण-पोषण और कल्याण नियम 2009 लागू है। इसमें समस्त शासकीय अधिकारी और कर्मचारी, अर्धशासकीय उपक्रम आदि के कर्मचारियों के वेतन से अधिकतम 10 हजार रुपये काट कर भरण-पोषण के लिए उनके माता-पिता के बैंक खाते में जमा करने का प्रावधान है।

इसरो ने पहला सोलर मिशन आदित्य L1 किया लॉन्च

भोपाल, चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग के दसवें दिन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) ने आदित्य L1 मिशन लॉन्च किया। यह मिशन सूर्य की स्टडी करेगा। सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर PSLV-C57 के XL वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से आदित्य L1 को लॉन्च किया गया।

PSLV चार स्टेज वाला रॉकेट है। आदित्य L1 को रॉकेट पृथ्वी की निचली कक्षा में छोड़ेगा। करीब 63 मिनट 19 सेकेंड बाद स्पेसक्राफ्ट 235 x 19500 Km की ऑर्बिट में पहुंच जाएगा। आदित्य स्पेसक्राफ्ट करीब 4 महीने बाद लैगरेंज पॉइंट-1 (L1) तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज की स्टडी आसानी से की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि आदित्य स्पेसक्राफ्ट लैग्रेंजियन पॉइंट 1 पर पहुंचा तो नए साल में इसरो के नाम ये बड़ी उपलब्धि होगी।

L1 पॉइंट पर ग्रहण बेअसर

आदित्य यान को सूर्य और पृथ्वी के बीच हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। इसरो के अनुसार L1 पॉइंट के आसपास हेलो ऑर्बिट में रखा गया सैटेलाइट सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देख सकता है। इससे रियल टाइम सोलर एक्टिविटीज और अंतरिक्ष के मौसम पर भी नजर रखी जा सकेगी।

क्या है लैगरेंज पॉइंट-1

लैगरेंज पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैगरेंज के नाम पर रखा गया है। इसे L1 नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है और सेंट्रिफ्यूगल फोर्स बन जाता है।

सोलर मिशन



सोलर मिशन एक नजर में

- चार माह में लैगरेंज पॉइंट पर होगा यान।
- लैगरेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है।
- L1 पॉइंट तक पहुंचने में करीब 125 दिन (4 महीने) का लगेगा समय।
- 3 जनवरी 2024 को पहुंचेगा L1 पॉइंट पर।

26 अगस्त

सीबीडीटी ने आयकर विभाग की संशोधित वेबसाइट लॉन्च की

● करदाताओं के अनुभव को बढ़ाने और नई प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बनाये रखने के लिए आयकर विभाग ने अपनी राष्ट्रीय वेबसाइट **www.incometaxindia.gov.in** को उपयोगकर्ताओं के लिए सहज इंटरफेस, मूल्य वर्द्धित फीचरों तथा नए मॉड्यूल के साथ संशोधित कर दिया है। नई संशोधित वेबसाइट उदयपुर में आयकर निदेशालय (सिस्टम्स) द्वारा आयोजित 'चिंतन शिविर' में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष श्री नितिन गुप्ता द्वारा लॉन्च की गई।

● राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में ब्रह्मकुमारीज़ की पूर्व प्रमुख दादी प्रकाशमणि की स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया। यह डाक टिकट दादी प्रकाशमणि की 16वीं पुण्य तिथि के अवसर पर संचार मंत्रालय के डाक विभाग की 'माई स्टैम्प' पहल के अंतर्गत जारी किया गया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि दादी प्रकाशमणि ने आध्यात्मिकता के माध्यम से भारतीय मूल्यों और संस्कृति को भारत और विदेशों में फैलाया।

27 अगस्त

अफगानिस्तान के राष्ट्रीय पार्क में महिलाओं के जाने पर प्रतिबंध

● अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने बामियान प्रांत में बांद-ए-अमीर राष्ट्रीय पार्क में महिलाओं के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार नैतिकता कार्यवाहक मंत्री मोहम्मद खालिद हनाफी ने कहा है कि महिलाएं पार्क के भीतर हिजाब नहीं पहन रही हैं। उन्होंने मौलवियों और सुरक्षा एजेंसियों से इसका समाधान निकाले जाने तक महिलाओं को पार्क में जाने से रोकने को कहा है। बता दें कि बामियान राज्य में बांद-ए-अमीर पार्क पर्यटकों को आकर्षित करने वाला एक बड़ा केंद्र है।

● रूस की जांच समिति ने वैगनर आर्मी के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन की विमान दुर्घटना में मौत की पुष्टि की है। दरअसल, मॉस्को में 23 अगस्त को एक विमान दुर्घटना में 10 लोगों की मौत हो गई थी। तब से अंदाजा लगाया जा रहा था कि मृतकों में निजी सैन्य समूह वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन भी शामिल हैं। हादसे की जांच के बाद समिति ने कहा कि सभी 10 पीड़ितों की पहचान कर ली गई है। सभी फ्लाइट में सवार यात्रियों की मौत हो चुकी है।

28 अगस्त

राष्ट्रपति ने स्व. श्री एन.टी. रामराव पर स्मारक सिक्का जारी किया

● राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने स्वर्गीय श्री एन.टी. रामाराव के शताब्दी वर्ष पर स्मारक सिक्का जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री एन.टी. रामाराव ने तेलुगु फिल्मों के माध्यम से भारतीय सिनेमा और संस्कृति को समृद्ध किया है। उन्होंने अपने अभिनय से रामायण और महाभारत के प्रमुख पात्रों को सजीव बना दिया। उनके द्वारा निभाई गई भगवान राम और भगवान कृष्ण की भूमिकाएं इतनी जीवंत हो गई कि लोग एनटीआर की पूजा करने लगे।

● भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बच्चों, विशेष रूप से स्कूली छात्रों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने की दिशा में, अखिल भारतीय वित्तीय साक्षरता क्विज का तीसरा ज़ोनल राउंड दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य स्तर पर दिल्ली, जम्मू व कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश के विजेताओं ने भाग लिया। यह क्विज़ ब्लॉक स्तर से शुरू की गयी और जिला व राज्य स्तर तक आयोजित की गयी थी।

29 अगस्त

कॉमिक बुक लेट्स मूव फॉरवर्ड लॉन्च

● केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने "लेट्स मूव फॉरवर्ड" नामक एक अनूठी कॉमिक बुक का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यह पुस्तक छात्रों को अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण पर मुख्य ध्यान देने के साथ कहानी कहने के माध्यम से उनका मनोरंजन करते हुए समग्र कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण संदेश देने में कहानियों के महत्व पर भी जोर दिया और उम्मीद जताई कि भविष्य में इस तरह की और अधिक कॉमिक पुस्तकें तैयार की जाएंगी।

30 अगस्त

अक्टूबर में आयोजित होगा 'ग्लोबल इंडिया एआई 2023' सम्मेलन

● इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस वर्ष अक्टूबर में ग्लोबल इंडिया एआई 2023 का आयोजन करेगा। इसमें भारत और विश्व के प्रमुख एआई प्रतिभागियों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप और निवेशकों की भागीदारी होगी। सम्मेलन में अगली पीढ़ी लर्निंग और मूलभूत एआई मॉडल, स्वास्थ्य देखभाल, शासन और अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक वाहनों में एआई के एप्लिकेशन, भविष्य के एआई अनुसंधान रुझान, एआई कंप्यूटिंग सिस्टम, निवेश के अवसर और एआई प्रतिभा का पोषण सहित अन्य विषयों को कवर किया जाएगा।

● केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने नई दिल्ली में उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। समीक्षा बैठक के दौरान, केन्द्रीय वित्त मंत्री ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की डिजिटल क्षमता के उन्नयन पर जोर दिया और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

31 अगस्त

न्यूजीलैंड में शुरू हो सकता है यूपीआई पेमेंट सिस्टम

● भारत और न्यूजीलैंड के बीच जल्द ही यूपीआई (UPI) के जरिए पेमेंट की सुविधा शुरू हो सकती है। इसके लिए भारत के ट्रेड और कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के मिनिस्टर डेमियन ओ'कॉनर के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान बातचीत हुई। इस पर मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) को शुरू करने के लिए नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) और पेरेंट्स-NZ के बीच बात करने पर सहमति जताई है।

● ब्रिटेन की सरकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (NHS) कैंसर के इलाज के लिए इंजेक्शन पेश करने जा रही है। NHS ने कैंसर के इलाज के लिए एक बेहद प्रभावी इंजेक्शन तैयार किया है। इससे कैंसर के इलाज में लगने वाले समय में तीन-चौथाई तक की कटौती हो सकती है। मेडिसिन एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी (MHRA) से मंजूरी के बाद NHS ने कहा कि इम्यूनोथेरेपी, एटेजोलिज़ुमाब से इलाज कराने वाले सैकड़ों कैंसर पेशेंट को त्वचा के नीचे इंजेक्शन दिया जाएगा।

1 सितंबर

मुंबई में हुआ युद्धपोत 'महेन्द्रगिरि' का जलावतरण

● उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने मुंबई में युद्धपोत 'महेन्द्रगिरि' का जलावतरण किया। समारोह में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि नवनिर्मित युद्धपोत महेन्द्रगिरि हमारे समृद्ध इतिहास में मील का पत्थर है। अत्याधुनिक विशेषताओं और तकनीक से लैस यह युद्धपोत इंजीनियरिंग का चमत्कार है। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भरता' के प्रति देश की दृढ़ प्रतिबद्धता के अनुरूप युद्धपोत के उपकरणों और प्रणालियों के लिए 75 प्रतिशत ऑर्डर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) सहित स्वदेशी फर्मों को दिए गए हैं।

● छठा राष्ट्रीय पोषण माह शुरू हो गया है। केन्द्र सरकार के प्रमुख पोषण अभियान ने गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान किया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
ADMISSION OPEN
PARAMEDICAL
LIMITED SEATS

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
B.Sc	Human Nutrition*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

Diploma in
• Anesthesia Technician • Optometric Refraction
• X-Ray Radiographer • Cath lab Technician

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

0755 - 400 5203, 5295, 5281
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.)

R-48992/2023

COMP-FEEDERS
GROUP OF INSTITUTIONS
INDORE/BARWANI

INVITING APPLICATIONS FOR
OUR PRESTIGIOUS INSTITUTIONS

1. Compfeeders AISECT College of Professional Studies, Indore
2. Madhuban College of Nursing, Indore
3. Compfeeders AISECT College of Professional Studies, Pharmacy College, Indore
4. Madhuban Institute of Professional Studies, Indore
5. Compfeeder Takniki Prashikshan Sanstha, Indore
6. Madhuban College of Management, Barwani
7. Madhuban Institute of Professional Studies, Barwani
8. Madhuban College of Education, Barwani

Affiliated to : DAVV, Indore • RGPV, Bhopal • MPMSU, Bhopal
Approved by: AICTE/ PCI/ NCTE, New Delhi • MPNRC, Bhopal
Higher Education Govt of M.P.

FOR POSTS
PRINCIPAL PROFESSOR
ASSOCIATE PROFESSOR
ASSISTANT PROFESSOR

Qualification as per UGC / AICTE / PCI / NCTE / DAVV / RGPV under Code 28 & 27 / 30 norms.

Subjects: All Subjects of Management, Commerce, Hindi, English, Maths, Computer, Political Science, History, Sociology, Economics, Botany, Chemistry, Physics, Zoology, Seed Technology, Pharmacy, Nursing, Education.

Non-Teaching: CEO • PA to Chairman, TPO, Accountant, Computer Operator, Librarian, Counselor, Sports Officer, Marketing Executive, Lab Technician / Admin Staff also required.

Qualification & Salary as per norms.
Send CV along with all Xerox testimonials with 2 Photo & **mention highlighted city name (apply for)** by email to : **madhuban123@gmail.com**

Indore Campus : RR CAT, Rau Road, Indore (M.P.)
Barwani Campus : Ahead of Sanwariya Mandir, Bypass Road, Barwani (M.P.)

VIGILANCE

P-48991/2023

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण

में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट (रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm))	रंगीन (रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm))
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रेक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006

ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com, वेबसाइट : www.mpmadhyam.in

नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 36 04.09.2023 से 10.09.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण में महिला सशक्तिकरण की भूमिका

विगत दो दशकों में मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व प्रयास हुए हैं। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना दिन-प्रतिदिन नये प्रतिमान स्थापित कर रही है। बहनों के स्वावलंबन और सम्मान के लिये शुरू की गई इस योजना से अब तक 1.30 करोड़ महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। यह योजना सामाजिक क्रांति का उद्घोष है। इतने कम समय में लाभान्वित महिलाओं की यह संख्या प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता का प्रतीक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का मानना है कि लाड़ली बहना योजना के लिये 15 हजार करोड़ की व्यवस्था इस योजना को दुनिया की बड़ी योजना का दर्जा देती है। इस योजना के तहत दी जाने वाली राशि में अब 250 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। अक्टूबर माह से 1250 रुपये की राशि प्रदान की जायेगी। राखी के अवसर पर 250 रुपये अतिरिक्त उपहार देने के साथ मुख्यमंत्री ने बहनों के स्वावलंबन की दिशा में नया आयाम भी खोला है। आर्थिक आधार से बहनों का मान बढ़ाने और आत्मविश्वास निर्मित करने के लिए शुरू की गई यह योजना, अब महिलाओं को स्थाई आजीविका प्रदान करेगी।

प्रदेश सरकार का संकल्प है कि महिलाओं की मासिक आय 10 हजार रुपये होना चाहिए। इसीलिए अब प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को आजीविका मिशन से जोड़ने का निर्णय लिया है। इन बहनों को बैंक लिंकेज द्वारा मात्र 2 प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाकर इन्हें स्व-रोज़गार से जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना में लाभ के अलावा उद्योग के लिए इंडस्ट्रियल स्टेट में भूखण्ड भी दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में महिलाओं के स्वावलंबन के लिये स्व-सहायता समूह का संचालन किया जा रहा है, इससे अब तक 53 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं। प्रदेश में 5 लाख स्व-सहायता समूहों को 6083 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज किया गया। खुशी की बात है कि सरकार के सहयोग और आजीविका मिशन के संबल से महिलाओं ने इतिहास रचा है। ये महिलाएं स्कूलों के गणवेश निर्माण, पोषण आहार प्लांट, कोदो कुटकी बेकरी उत्पाद, फसल उपार्जन केन्द्रों का संचालन, नल-जल योजना के क्रियान्वयन और जल कर, बिजली कर वसूली जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी बड़ी कुशलता के साथ संभाल रही हैं। स्व-सहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन का आत्मविश्वास ही है कि प्रदेश में पंचायत निर्वाचन 2022 में समूहों से जुड़ी लगभग 17 हजार महिलाएं चुनाव जीतकर विभिन्न पदों पर दायित्व का निर्वहन कर रही हैं।

लगभग दो दशकों से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में किये गये कार्यों का परिणाम है कि प्रदेश में 45.72 लाख से अधिक बेटियां लखपति बन गई हैं। मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसने राजनीतिक सशक्तिकरण के लिये बहनों को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया। इसके परिणामस्वरूप महिलाओं ने स्थानीय निकायों में सशक्त नेतृत्व देते हुए विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। शासकीय शिक्षकों की भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत, पुलिस विभाग में 35 प्रतिशत और अन्य विभागों में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। प्रदेश सरकार की सक्रियता से बहनों के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक सहित सभी पक्षों में सशक्तिकरण हो रहा है। महिलाओं का सशक्तिकरण ही आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के संकल्प की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

एआई आने के बाद भी आईटी सेक्टर में बने रहेंगे रोज़गार के अवसर

विश्व में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से अपनी जगह बना रहा है। छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा काम भी एआई की मदद से आसानी से हो रहे हैं। ऐसे में अनुमान लगाया जाने लगा है कि एआई के आने के बाद रोज़गार के अवसरों में कमी आयेगी। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। भले ही बड़ी कंपनियां अपना काम कम खर्च में एआई के माध्यम से करवाने लगेंगी, जो कुछ हद तक सही भी माना जा रहा है। लेकिन आईटी सेक्टर ऐसा है, जिसमें एआई का ज्यादा फर्क दिखाई नहीं पड़ रहा है। इसमें लोगों की नौकरी जाने का खतरा कम है। आईटी के क्षेत्र में डाटा साइंटिस्ट और साइबर प्रोफेशनल्स के पदों पर एआई के माध्यम से जॉब जाने का कोई खतरा नहीं है। ये दोनों ऐसे पद हैं जिनमें अगर एआई से काम करवाया जायेगा, तो उसमें गलतियां होने की संभावना बनी रहेगी। डाटा साइंटिस्ट का काम एनालिसिस कर कंपनी का डाटा तैयार करना होता है और उसी अनुसार कंपनी को आगे ले जाना होता है। इसी प्रकार से कंपनी के डाटा को सुरक्षित रखने के लिए साइबर प्रोफेशनल्स की आवश्यकता हर किसी को रहती है। यह एक ऐसी जॉब है जिसका एआई से जॉब लॉस का खतरा बेहद कम माना जा रहा है। हालांकि एआई के माध्यम से कोड को इस्तेमाल करके सॉफ्टवेयर का निर्माण किया जा सकता है। लेकिन एक कंपनी, व्यक्ति या अन्य की सोच के अनुसार उसमें नयापन लाने में एआई असमर्थ है, जो कि सिर्फ मनुष्य की सोच कर सकती है। इसलिए इस जॉब पर भी एआई का खतरा सीमित है। इनके अलावा यूजर एक्सपीरियंस डिजाइनर्स, मशीन लर्नर्स रिसर्चर, डाटा स्टोरी टेलर्स, टेक प्रोजेक्ट मैनेजर्स आदि ऐसे पद हैं जिन पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से नौकरी जाने का खतरा बेहद कम है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं।)

शिक्षक दिवस | 5 सितंबर

सतत अध्ययन, मनन, पढ़ने, पढ़ाने, सीखने समझने और समझाने का प्रेरणा दिवस

मनुष्य का जीवन चुनौतियों से भरा है। हर चुनौती के समाधान का अपना मार्ग होता है। जीवन को सफल और समुन्नत बनाने के लिये स्वयं को योग्य बनाने का मार्ग बताने वाला शिक्षक ही होता है। इसलिये पूरे संसार में सर्वाधिक सम्मान और महत्व शिक्षकों का है। समाज में यह महत्व एवं सम्मान सदैव स्मरण रहे इसके लिये ही संसार भर में प्रति वर्ष शिक्षक दिवस का आयोजन होता है। विभिन्न देशों में शिक्षक दिवस मनाने की अपनी-अपनी तिथियां और प्रतीक हैं। भारत में यह शिक्षक दिवस राष्ट्रपति रहे सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्मदिन पांच सितम्बर को मनाया जाता है।

व्यक्ति विशेष की विकसित बौद्धिक समझ को "ज्ञान" कहा गया है। और रुचि एवं समय की आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित पाठ्यक्रम में वर्णित सिद्धान्तों के अनुसार किये गये अध्ययन कार्य को "शिक्षा" कहा गया है और यह अध्यापन या शिक्षण कराने वाले को अध्यापक और "शिक्षक" कहा गया। पहले निर्धारित विषय और पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षा देने वाले को "आचार्य" कहा जाता था पुरातन काल के आचार्य के कार्य का निर्वहन आज शिक्षक करते हैं। आरंभिक शिक्षण के बाद बालक के गुणों और प्रतिभा की दिशा का आकलन करके अध्यापन आरंभ करने वाले को गुरु कहा जाता था। समय के साथ गुरुकुल परंपरा एक प्रकार से समाप्त जैसी हो गई और उसके स्थान पर शिक्षालय यानि विद्यालय आरंभ हुए संसार का प्रत्येक देश शिक्षा और शिक्षण पर जोर देता है। प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित बने यह प्रयास हर स्तर पर हो रहे हैं। व्यक्तिगत, सामूहिक, सामाजिक, और राष्ट्रीय स्तर पर भी। इसलिए अनेक देशों ने अपने स्तर पर शिक्षक दिवस परंपरा आरंभ की और विश्व स्तर पर भी शिक्षक दिवस आयोजित होता है।

विश्व शिक्षक दिवस

शिक्षा और शिक्षक की महत्ता स्थापित करने के लिये प्रत्येक देश के अपने प्रयास हैं। इसमें निरंतर शोध और अनुसंधान के साथ शिक्षण व्यवस्था तो हो ही रही है। साथ ही शिक्षा और शिक्षण की महत्ता स्थापित करने के लिये लगभग सभी देशों में शिक्षक दिवस के आयोजन होते हैं। सबकी अपनी तिथियां हैं और सबके अपने आदर्श हैं। जैसे चीन में महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस की स्मृति में 8 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसी प्रकार थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि देशों में शिक्षक दिवस मनाने की अपनी तिथियां हैं। फिर विश्व स्तर पर भी शिक्षक दिवस मनाने की पहल आरंभ हुई। संसार की विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने वर्ष 1960 में इस विषय पर विमर्श किया और शिक्षक दिवस मनाने की पहल की। विश्व स्तर पर "विश्व शिक्षक दिवस" मनाने का आयोजन 1966 से आरंभ हुआ। "विश्व शिक्षक दिवस" की तिथि 5 अक्टूबर है। यह पहल यूनीसेफ ने की और संसार के विभिन्न देशों में बैठकें करके सरकारों को सहमत किया। 1994 तक इस अभियान में सौ से अधिक देश सम्मलित हो गये जो पांच अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस मनाते हैं।

भारत में शिक्षक दिवस

ज्ञान परंपरा को सर्वोच्च सम्मान देने की परंपरा भारत में अति प्राचीन है। अतीत में जहां तक दृष्टि जाती है यह परंपरा मिलती है। तब भारत में विद्यालय को गुरुकुल कहा जाता था। इसमें आचार्य द्वारा शिक्षा एवं गुरु द्वारा दीक्षा देने की परंपरा रही है। भारत में गुरु का सर्वोच्च स्थान रहा है और गुरु पूजन के लिये तिथि आषाढ़ की पूर्णिमा रही है। जिसे गुरु पूर्णिमा कहते थे। आज भी गुरु पूर्णिमा पर गुरु पूजन होता है। वर्तमान में शिक्षा ग्रहण करने वाली पीढ़ी पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाती है। प्रति वर्ष पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाना 1962 में आरंभ हुआ। पांच सितम्बर की तिथि भारत के द्वितीय राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन है। एक बार राधाकृष्णन जी के कुछ शिष्यों ने मिलकर उनका जन्मदिन मनाने का विचार बनाया। जब वे डॉ. राधाकृष्णन जी से अनुमति लेने पहुंचे तो उन्होंने सहमति नहीं दी। डॉक्टर राधाकृष्णन ने जब इंकार किया तो शिष्यों ने उनके जन्मदिन पर उन्हें एक शिक्षक के रूप में सम्मानित करने की अनुमति मांगी। जिस पर डॉक्टर राधाकृष्णन जी सहमत हो गये। 1962 के इस प्रथम आयोजन में डॉक्टर राधाकृष्णन उपस्थित हुए और उन्होंने कहा था कि पूरी दुनिया एक विद्यालय है जहां प्रतिक्षण कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। कार्यक्रम में उन्होंने अपने जीवन की उपलब्धियों का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया और कहा कि जीवन में शिक्षक हमें केवल पढ़ाते ही नहीं हैं बल्कि जीवन के अनुभवों से गुजरने के दौरान अच्छे-बुरे के बीच फर्क करना भी सिखाते हैं जो जीवन पथ पर आगे बढ़ने का संबल होते हैं। आगे चलकर भारत सरकार ने पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाने की अधिकृत घोषणा कर दी। इस प्रकार भारत में 1962 से पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा आरंभ हुई।

जीवन परिचय
सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन

भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और आस्थावान विचारक सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेन्सी के चित्तूर जिले के तिरुतनी ग्राम में हुआ था। यह तिरुतनी ग्राम चेन्नई से लगभग 84 किलोमीटर दूर है। तब यह ग्राम आंध्रप्रदेश के अंतर्गत था लेकिन अब तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले के अंतर्गत है। उनके पूर्वजों की परंपरा अति विद्वान और सम्मान की रही है। उनके पिता 'सर्वपल्ली वीरासमियाह सात प्रकृति के एक आध्यात्मिक पुरुष थे और माता 'सीतामम्मा' भारतीय संस्कृति और परंपराओं के लिये समर्पित गृहणीं। पिता राजस्व विभाग में काम करते थे। राधाकृष्णन के पांच भाई बहन थे। एक भाई बड़े और तीन उनसे छोटे थे। उनका बाल्य जीवन अपने जन्म ग्राम तिरुतनी एवं तिरुपति जैसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थानों में बीता। पिता आध्यात्मिक जीवन के साथ आधुनिक शिक्षा के भी समर्थक थे। इसलिए उन्होंने राधाकृष्णन जी को प्रारंभिक शिक्षा के लिये क्रिश्चियन मिशनरी संस्था लुथर्न मिशन स्कूल तिरूपति पढ़ने के लिये भेजा। आगे की शिक्षा वेल्लूर में हुई। महाविद्यालयीन शिक्षा चेन्नई के क्रिश्चियन कॉलेज में हुई। वे पढ़ने और विषयों को समझने में बहुत कुशाग्र थे। उन्होंने अपनी सभी परीक्षाएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कीं और छात्रवृत्ति भी प्राप्त की। वे अपना पाठ्यक्रम तो स्मरण करते ही थे, आसपास घटी घटनाओं का भी अनुठा विश्लेषण करते थे। इससे वे अपने साथियों और शिक्षकों दोनों में लोकप्रिय थे। उन्होंने श्रीमद्भगवत गीता और रामायण का अध्ययन किया और बाइबिल के भी अनेक महत्वपूर्ण अंश कंठस्थ किये। इसके लिये उन्हें विशिष्ट योग्यता का सम्मान मिला। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में ही भारतीय दर्शन और परंपराओं का अध्ययन आरंभ कर दिया था। उन्होंने दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द जैसे विचारकों का तो अध्ययन किया ही साथ ही आदि शंकराचार्य एवं वेदों के भाष्य का भी अध्ययन किया। उन्होंने मनोविज्ञान, इतिहास और गणित विषय में विशेष योग्यता प्राप्त की। दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर होने के बाद वे 1918 में मैसूर महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक नियुक्त हुए। फिर उसी कॉलेज में प्राध्यापक बने। अपने महाविद्यालयीन दायित्वों के साथ अध्ययन और लेखन कार्य भी निरंतर रहा। वे हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखते थे। जिसकी प्रशंसा विश्वभर के बुद्धिजीवियों में होती थी। उनका जीवन विभिन्न विशेषताओं और दायित्वों से भरा था। उन्हें अपने जीवन में संसार भर से अनेक सम्मान प्राप्त हुए। स्वतंत्रता से पहले अंग्रेज सरकार ने यदि "सर" की उपाधि से सम्मानित किया तो स्वतंत्रता के बाद उन्हें "भारत रत्न" से भी सम्मानित किया गया।

वे 1931 से 1936 तक आन्ध्र विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर, 1939 से 48 तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के चांसलर रहे। स्वतन्त्रता के बाद उन्हें संविधान निर्मात्री सभा का सदस्य बनाया गया। वे 1947 से 1949 तक इसके सदस्य रहे। यह निर्णय संविधान सभा ने लिया कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन गैर राजनीतिक व्यक्ति हैं इसलिये स्वतंत्रता की मध्यरात्रि को उनका ही संभाषण होना चाहिए अतएव 14-15 अगस्त 1947 की मध्य रात्रि को राधाकृष्णन जी का ऐतिहासिक संबोधन हुआ जो ठीक बारह बजे तक चला और इसके बाद ही पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। स्वतंत्रता के बाद 1952 में वे देश के पहले उपराष्ट्रपति बने और दस वर्ष तक इस पद पर रहे। 1962 में देश के राष्ट्रपति बने और 1967 तक रहे। उनका निधन 1975 में चैन्नई में हुआ।

शिक्षक दिवस के उद्देश्य

भारत में शिक्षक दिवस का आयोजन केवल एक पक्षीय नहीं है। यह विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षक के प्रति सम्मान करने का दिवस तो है ही. साथ ही शिक्षक को भी सतत अध्ययनशील रहने और आदर्श जीवन का संदेश भी है। राधाकृष्णन जी सतत अध्ययनशील रहे। विद्यार्थी जीवन में उन्होंने अध्ययन किया ही पर जब वे अध्यापक बने तब भी लेखन, अध्ययन निरंतर रहा और अध्ययन तब भी नहीं छूटा जब वे राष्ट्रपति रहे। शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के लिये दूसरा संदेश शिक्षक के एक आदर्श व्यवहार और जीवन शैली जीने के लिये है। विद्यार्थी शिक्षक की शैली से प्रेरणा लेते हैं। एक आदर्श शिक्षक ही विद्यार्थी में आदर्श गुणों का विकास कर सकता है। यह बात अनेक बार डॉक्टर राधाकृष्णन जी ने शिक्षक दिवस पर अपने संदेश में कही। उन्होंने जहां शिक्षकों से सतत अध्ययनशील रहने और जीवन की आदर्श शैली अपनाने का आह्वान किया था वहीं विद्यार्थियों से अपने विद्यार्थी जीवन में अपने नैसर्गिक गुणों का विकास करके भारत के श्रेष्ठ नागरिक बनने का आह्वान किया था। शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिये यह संदेश आज भी महत्वपूर्ण है।

रमेश शर्मा

(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं।)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2022
विज्ञप्ति क्रमांक 01/मुख्य-परीक्षा/2022, दिनांक 24.08.2023

ऑनलाइन आवेदन अवधि	प्रवेश पत्र उपलब्धता	परीक्षा अवधि
दिनांक 05.09.2023 से दिनांक 25.09.2023 तक	दिनांक 20.10.2023	दिनांक 30.10.2023 से दिनांक 04.11.2023 तक

01 मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2022 हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 11/2022 दिनांक 30.12.2022 के संदर्भ में आयोजित की गई, प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम दिनांक 12.07.2023 को घोषित किया गया है। उक्त परीक्षा में सफल आवेदकों हेतु राज्यसेवा मुख्य परीक्षा-2022 दिनांक 30.10.2023 से दिनांक 04.11.2023 तक इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, रतलाम, सतना, सागर, शहडोल तथा बड़वानी स्थित परीक्षा केन्द्रों पर निम्नानुसार आयोजित की जाएगी :–

दिनांक	विषय	समय
30.10.2023	सामान्य अध्ययन-I	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात 1.00 बजे तक
31.10.2023	सामान्य अध्ययन-II	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात 1.00 बजे तक
01.11.2023	सामान्य अध्ययन-III	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात 1.00 बजे तक
02.11.2023	सामान्य अध्ययन-IV	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात 1.00 बजे तक
03.11.2023	सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात 1.00 बजे तक
04.11.2023	हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक

महत्वपूर्ण निर्देश :–

टीप :–

(1) आगामी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Structured Answer Copy/Question Answer Booklet) के माध्यम से आयोजित की जाएगी। जिसमें अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Question Answer Booklet) में प्रश्न के नीचे उत्तर लिखने के लिए दिए गए स्थान पर ही निर्धारित शब्द सीमा में अपना उत्तर लिखना होगा। अन्यत्र किसी स्थान पर उत्तर लिखने पर अमान्य किया जाएगा। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए, आयोग की वेबसाइट पर नमूनार्थ प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Question Answer Booklet) प्रकाशित की गई है। अभ्यर्थी उन्हें डाउनलोड पर परीक्षापूर्व भलीभांति अभ्यास कर लें।

(2) परीक्षार्थियों की संख्या तथा प्रशासनिक कारणों से केन्द्रों की संख्या को कम किया जा सकता है।

(3) यह स्पष्ट किया जाता है कि षष्ठ प्रश्न-पत्र **हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन** प्रश्न-पत्र सभी अभ्यर्थियों को हिन्दी में ही उत्तर देना होगा। अंग्रेजी माध्यम चयनित करने वाले आवेदकों को भी षष्ठ प्रश्न-पत्र का हिन्दी माध्यम से ही उत्तर देना होगा।

02 राज्य सेवा प्रारंभिक लिखित परीक्षा में शार्टलिस्टेड सफल पात्र अभ्यर्थियों को राज्य सेवा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर आवेदन एवं परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक होगा। मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 05.09.2023 (दोपहर 12.00 बजे) से 25.09.2023 (दोपहर 12.00 बजे) तक **www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in** पर भरे जा सकते हैं। आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु निम्नानुसार आवेदन एवं परीक्षा शुल्क देय होगा :–

मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क	शेष सभी श्रेणी तथा मध्यप्रदेश के बाहर के निवासी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क
₹ 400/-	₹ 800/-
उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क 40/- (सेवाकर सहित) देय होगा।	

आवेदन तथा परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो एम.पी. ऑनलाइन से **हेल्पलाइन-0755-6720200 तथा 0755-6720201 पर** संपर्क कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

03 **विलम्ब शुल्क सहित आवेदन :–** आयोग की यह मान्यता है कि सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन भर देंगे। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25.09.2023 (दोपहर 12.00 बजे) तक ऑनलाइन आवेदन पत्र भर दें, ताकि विलम्ब शुल्क के भुगतान की परिस्थिति उपस्थित न हो। अपरिहार्य कारणों से जो अभ्यर्थी अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन नहीं भर पाते हैं, उनकी सुविधा हेतु अंतिम तिथि के बाद विलंब शुल्क के साथ आवेदन की निम्नांकित व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है :–

1. दिनांक 25.09.2023 (दोपहर 12.00 बजे पश्चात) से 02.10.2023 (दोपहर 12.00 बजे) तक - ₹ 3000/-
2. दिनांक 02.10.2023 (दोपहर 12.00 बजे पश्चात) से 23.10.2023 (दोपहर 12.00 बजे) तक - ₹ 25000/-

विशेष :

1. विलम्ब शुल्क की उपरोक्त राशि के साथ परीक्षा शुल्क तथा पोर्टल शुल्क का भुगतान पृथक से देय होगा।
2. ₹ 3000/- विलम्ब शुल्क के साथ प्रस्तुत आवेदनों में दिनांक 04.10.2023 (दोपहर 12.00 बजे) तक तथा ₹ 25000/- विलम्ब शुल्क के साथ प्रस्तुत आवेदन पत्रों में दिनांक 25.10.2023 (दोपहर 12.00 बजे) तक विहित शुल्क का भुगतान कर त्रुटि सुधार किया जा सकेगा।

04 आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिनांक 10.09.2023 से दिनांक 27.09.2023 (दोपहर 12.00 बजे) तक त्रुटि सुधार भी कर सकेंगे। त्रुटि सुधार अवधि के पश्चात आवेदन पत्र में कोई सुधार नहीं किए जा सकेंगे। त्रुटि सुधार हेतु प्रति सुधार सत्र ₹ 50/- (सेवाकर सहित) देय होगा। जिन आवेदकों द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन पत्र नहीं भरे जाएंगे, राज्य सेवा परीक्षा 2022 हेतु उनकी उम्मीदवारी स्वयमेव समाप्त हो जाएगी एवं इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य न करते हुए उन्हें नस्तीबद्ध कर दिया जाएगा।

05 मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 20.10.2023 से **www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in** पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। प्रवेश पत्र डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित नहीं किये जाएंगे। प्रवेश पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन mponline के अधिकृत कियोस्क का भी उपयोग कर सकते हैं। कियोस्क के माध्यम से प्रवेश पत्र प्राप्ति हेतु ₹ 5/- पोर्टल शुल्क देय होगा।

06 आवेदक कृपया ध्यान रखें कि परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ निम्न मान्य फोटो युक्त मूल पहचान-पत्र प्रस्तुत करने एवं उससे पहचान की पुष्टि होने के पश्चात ही परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी :–

1. मतदाता परिचय पत्र	2. आधार कार्ड (फोटो कॉपी मान्य)	3. ड्रायविंग लायसेंस
4. आयकर का पेन कार्ड	5. पासपोर्ट	6. फोटो सहित बैंक पासबुक
7. केन्द्र एवं राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थानीय निकाय एवं अन्य नियोक्ताओं द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र		
8. शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत आवेदकों के मामले में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व जारी फोटो पहचान पत्र	9. राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो परिचय- पत्र	

विशेष निर्देश :– सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होते समय संक्रामक रोगों के संबंध में स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी अनुदेशों का पालन करना अनिवार्य है।

07 **राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022** में ''सामान्य अध्ययन'' के चार प्रश्न-पत्र एवं ''सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण'' तथा ''हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन'' के एक-एक प्रश्न-पत्र होंगे। सामान्य अध्ययन के चारों प्रश्नपत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम में तथा शेष दोनों प्रश्न-पत्र (एवं ''सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण'' तथा ''हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन'') केवल हिन्दी माध्यम में होंगे। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के आवेदन-पत्र में अभ्यर्थियों को सामान्य अध्ययन के प्रश्न-पत्रों के भाषा विकल्प (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) का चयन करना होगा।

08 राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित की गई है।

जी-18862/48984/2023 **उप सचिव**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग छतरपुर (म.प्र.)

Email : eepwdchhatar@mp.nic.in
Fax No. : 07682-246518, Phone No. : 07682-246516

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 13/2023-24 **छतरपुर, दिनांक : 24.08.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1.	2023_ PWDRB_ 301450	निर्माण कार्य	जिला छतरपुर अंतर्गत चंद्रनगर के समीप टेराकोटा म्यूजियम (माटी) का निर्माण कार्य।	प्रथम	417.00	अमानत राशि एवं अन्य वांछित दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
2.	2023_ PWDRB_ 301451	निर्माण कार्य	छतरपुर में ई-लाईब्रेरी (ग्रंथालय) का निर्माण कार्य।	प्रथम	416.00	
			योग		**833.00**	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 08.09.2023** एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.09.2023 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा दिनांक 11.09.2023 को कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर में खोली जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-18874/48985/2023 **लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, छतरपुर (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, जिला-छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

PHONE No. : 07162-243214, E-mail : pwdpiu12cwa@gamil.com

एनआईटी नं. - 21/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/भवन/व.ले.लि. **छिन्दवाड़ा, दिनांक : 21.08.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. तह. परासिया, जिला छिन्दवाड़ा में कन्या शिक्षा परिसर का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी।	90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2023_ PWPIU_ 301018_1	छिन्दवाड़ा	2500.12	1250600/- 50000/-		18 माह वर्षाऋतु सहित।	मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर	एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त
		योग - 2500.12					

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 23.08.2023 समय 09.00 से **दिनांक 04.09.2023** समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
जी-18845/48983/2023 **लोक निर्माण विभाग जिला-छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

कार्यालय संचालक, पिछड़ा वर्ग राज्यस्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल

प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2023 एवं अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग हेतु विज्ञापन

आवेदन की अंतिम तिथि - 25 सितम्बर, 2023

म.प्र. लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित आगामी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2022 एवं अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट **www.bewelfare.mp.nic.in** पर भी उपलब्ध है।

केन्द्र में प्रवेश हेतु कुल 120 स्थान उपलब्ध है। जिसमें से 100 स्थान पिछड़ा वर्ग हेतु तथा 20 स्थान अल्पसंख्यक वर्ग हेतु उपलब्ध होंगे। उम्मीदवारों का चयन स्नातक स्तर पर प्राप्त अंक के आधार पर संकायवार मेरिट बनाकर किया जाएगा। महिला एवं विकलांग अभ्यार्थियों को नियमानुसार आरक्षण प्रदान किया जावेगा। यह प्रशिक्षण माह-अक्टूबर 2023 से प्रारंभ होकर 06 माह की अवधि अथवा परीक्षा की तिथि (जो पहले हो) तक होगा। प्रशिक्षण सुविधा पूर्णतः निःशुल्क है। भोपाल से बाहर के प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार छात्रावास में स्थान की उपलब्धतानुसार आवास सुविधा उपलब्ध करायी जावेगी। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार रुपये 350/- मासिक की दर से शिष्यवृत्ति देय होगी। आवेदन डाक के द्वारा अथवा कार्यालयीन ई-मेल आई.डी. **dir.setc@mp.gov.in** के माध्यम से प्रेषित किये जा सकते हैं।

प्रशिक्षण हेतु प्रवेश की शर्तें :-

1. आवेदक म.प्र. का मूल निवासी हो व म.प्र. शासन द्वारा घोषित पिछड़े वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग का सदस्य हो।
2. आवेदक के अभिभावक/पालक एवं स्वयं की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय क्रीमीलेयर की सीमा (रुपये 8.00 लाख) से अधिक न हो।
3. आवेदक म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा हेतु आवश्यक न्यूनतम अर्हतांएं रखता हो एवं उसे आगामी राज्य सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा एवं अन्य समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।
4. पिछड़ा वर्ग हेतु जाति प्रमाण पत्र केवल अधिकृत राजस्व अधिकारी के ही मान्य किये जावेंगे।
5. अल्पसंख्यक वर्ग हेतु अल्पसंख्यक वर्ग में सम्मिलित होने संबंधी स्वयं का घोषणा पत्र मान्य होगा।
6. निर्धारित प्रारूप में अधिकतम 3 वर्ष पूर्व की आय आय प्रमाण पत्र मान्य होगा।
7. स्थानीय प्रशिक्षणार्थियों को छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकेगी।
8. नियमानुसार छात्रावास में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।
9. प्रशिक्षणार्थी को भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
10. प्रवेश के समय कॉशमनी रुपये 500/- जमा करना अनिवार्य होगा जो प्रशिक्षण समाप्ति पर रसीद जमा करने पर वापिस कर दी जावेगी।
11. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ अपने बैंक खाते की पासबुक के प्रथम पृष्ठ की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. अपूर्ण एवं अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
13. अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों में से चयन समिति द्वारा प्रशिक्षण हेतु चयनित आवेदकों को चयन की सूचना पृथक से एस.एम.एस./पत्र के माध्यम से दी जावेगी।
14. प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत चयनित प्रशिक्षणार्थियों को पंजीयन के समय परीक्षण हेतु मूल अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
15. आवेदकों को प्रशिक्षण केन्द्र तक आने-जाने का किराया एवं अन्य व्यय स्वयं वहन करने होंगे।

आवेदन पत्र कार्यालय संचालक, पिछड़ा वर्ग राज्यस्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केन्द्र पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल-462003 के पते पर अथवा ई-मेल द्वारा **दिनांक 25 सितम्बर, 2023 तक** कार्यालयीन समय में अनिवार्यतः पहुंच जाना चाहिए।

संचालक
राज्यस्तरीय रोज. एवं प्रशि. केंद्र,
(पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.), भोपाल
दूरभाष - (0755)2763284

म.प्र. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 एवं अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रशिक्षण सत्र 2023-24

आवेदक का फोटो जो स्व-हस्ताक्षरित हो।

1. आवेदक का नाम.....
2. पिता/पति का नाम.....
3. निवास का वर्तमान पता.....
4. स्थाई पता (पिनकोड सहित).....
5. दूरभाष/मोबाइल क्र. .....
6. जन्मतिथि.....
7. मूल निवास स्थान.....
8. पिछड़ा वर्ग जाति/उपजाति.....
   अथवा अल्पसंख्यक वर्ग जाति/उपजाति.....
9. पारिवारिक वार्षिक आय (समस्त स्रोतों से).....
10. आवेदक के बैंक खाते का विवरण.....
11. आधार क्रमांक.....
12. शैक्षणिक योग्यताएं -

क्र.	शैक्षणिक स्तर	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/वि.वि.	श्रेणी	प्रतिशत	विशेष
1.	हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी (जन्मतिथि हेतु)					
2.	स्नातक					

नोट - क्रमांक 06 से 12 के समर्थन में अभिलेखों की स्वप्रमाणित सत्यप्रतियां संलग्न करें।

स्थान :- **आवेदक के हस्ताक्षर**
दिनांक :- **पूरा नाम .....**

घोषणा-पत्र

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि :-

13. मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी तथ्यों पर आधारित एवं सत्य है।
14. मेरे ऊपर न्यायालय में किसी प्रकार का आपराधिक प्रकरण नहीं चल रहा हैं।
15. प्रशिक्षण अवधि में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने पर मेरा प्रवेश तत्काल निरस्त किया जा सकेगा।

स्थान :- **आवेदक के हस्ताक्षर**
दिनांक :- **पूरा नाम .....**

जी-18819/48981/2023

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन

दूरभाष नं. :- 0734-2524462, ई-मेल :- cepwdujjain@mp.nic.in

निविदा सूचना क्र. 15/सामान्य/मु.अ./2023-24 **उज्जैन, दिनांक : 22.08.2023**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रतिशत दर के आधार पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	जिला	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	कार्य की समयावधि
1.	आगर-मालवा	2023_PWDRB_300615_pack1	आगर-मालवा संभाग अंतर्गत नलखेड़ा से बड़ागांव मार्ग लंबाई 16.00 कि.मी. का चौड़ीकरण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित।	1438.72	18 माह वर्षाकाल सहित

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑनलाइन बिड सबमिशन की **अंतिम दिनांक 08.09.2023** सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
जी-18832/48982/2023 **लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल
(भूतल 'ग' विंग सतपुड़ा भवन भोपाल 462004)

दूरभाष - 0755-2551594
फैक्स - 0755-2577729, ई-मेल - cephbpl@nic.in

क्रमांक 2235/नि.प्रकोष्ठ/मु.अ./लोस्वायांवि/परिक्षेत्र **भोपाल, दिनांक : 25.08.2023**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर हरदा जिले के अंतर्गत विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निम्नानुसार आमंत्रित हैं :

कार्य का संक्षिप्त विवरण :- हरदा जिले में 200 ग्रामों में ग्राम सभा/वी.डब्ल्यू.एस.सी./ग्राम कार्य योजना बनाने हेतु सहायता एजेंसी (आई.एस.ए.) के कार्य हेतु निविदा।

निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम क्र.	जिला	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रु. में)	आमंत्रण क्रमांक	ठेकेदार की श्रेणी
32/ 2023-24/ 24.08.2023	301433	हरदा	200	9624000/-	96240/-	10000/-	प्रथम	ONLY empanelled ISA in PHED under JJM

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि 04.09.2023 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि **04.09.2023** 18.00 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि 05.09.2023 18.00 बजे

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

मुख्य अभियंता
जी-18928/48986/2023 **लोक स्वा.यां. विभाग भोपाल परिक्षेत्र भोपाल**

M.P INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(A Government of M.P. Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452001
Phone : (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax : 0731-2972629
Web. : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in CIN : U51102MP1977SGC001392
No. MPIDC/ROIND/TECH/23/8674 **Date : 28.08.2023**

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from registered contractors in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for the following work. The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mptenders.gov.in.**

Name of Work	Probable Amount of Contract (in Lakh)	EMD (in Rs.)	Cost of Tender form (in Rs.)	Last Date of Submission of Tender
Providing Housekeeping staff, supply of consumable materials (allied services) for MPIDC RO Indore's Niryat Bhawan, Vikas Bhawan, Pithampur & Guest House, Indore for 2 years	41.91	41910/-	5900/-	13.09.2023
Providing and laying of 150mm dia DI pipe line at Pithampur-6, Distt. Dhar **(IInd Call)**	32.00	32000/-	5900/-	13.09.2023

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.
M.P. Madhyam/111681/2023 **R-48993/2023** **EXECUTIVE ENGINEER**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 1021/2023-24/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक : 24.08.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 15.09.2023** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2023_WRD_300492	नचनौरा तालाब योजना के बांध एवं नहर खुदाई, पक्के कार्य एवं लाइनिंग का शेष निर्माण कार्य।	पन्ना	199.23
2.	2023_WRD_300493	टर्न की पद्धति पर गिदुराई जलाशय योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परंतु उस तक सीमित नहीं।	सतना	443.06
3.	2023_WRD_300495	अटल भूजल अंतर्गत भितरवार तालाब एवं कुडिवाला तालाब योजना में बांध पर मिट्टी कार्य, स्लूस निर्माण कार्य, फ्लश बार कार्य नहर का लाइनिंग कार्य, कोलावा एवं अन्य स्ट्रेक्चर्स निर्माण एवं मरम्मत कार्य।	टीकमगढ़	119.28
4.	2023_WRD_300496	अटल भूजल अंतर्गत दहगांव तालाब योजना में बांध पर मिट्टी कार्य, स्लूस निर्माण कार्य फ्लश बार कार्य नहर का लाइनिंग कार्य, कोलावा एवं अन्य स्ट्रक्चर्स निर्माण एवं मरम्मत।	टीकमगढ़	78.56
5.	2023_WRD_300501	टर्न की पद्धति पर दोना/लाखानाला जलाशय योजना (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परंतु उस तक सीमित नहीं।	सागर	654.82
6.	2023_WRD_300503	पहाड़ीखेड़ा तालाब योजना के डूब क्षेत्र में प्रभावित पहुंचमार्ग में माइनर ब्रिज तथा एप्रोच रोड कार्य।	पन्ना	53.13
7.	2023_WRD_300504	टर्न की पद्धति पर बड़ी भैंसाकरई मिट्टी के बांध (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परन्तु उस तक सीमित नहीं।	झाबुआ	398.05
8.	2023_WRD_300506	टर्न की पद्धति पर दोतड़ बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परन्तु उस तक सीमित नहीं।	झाबुआ	356.11
9.	2023_WRD_300508	पवई परियोजना अन्तर्गत पम्प हाउस में (स्थल-ग्राम सथनिया) पर विद्युतीकरण कार्य हेतु नवीन 33 के व्ही. समर्पित फीडर के निर्माण सहित स्थापना का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित कार्यस्थल पर जी शेडयूल, एवं इंचार्ज यंत्री के निर्देशानुसार।	सागर	536.92
10.	2023_WRD_300509	विशेष मरम्मत अंतर्गत शेरपार जलाशय के मिट्टी के बांध स्लूस, पिचिंग, चिपिंग फ्लशबार एवं मुख्य नहर का मरम्मत कार्य।	बालाघाट	62.32
11.	2023_WRD_300515	विशेष मरम्मत अंतर्गत बन्ना जलाशय की दांयी तट नहर एवं बांयी तट नहर तथा स्लूस का मरम्मत एवं सुधार कार्य।	बालाघाट	38.99
12.	2023_WRD_300682	टर्न की पद्धति पर जमुनिया सेहा तालाब योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	पन्ना	497.82
13.	2023_WRD_301514	अंधरखोह बांध का सुधार कार्य।	सतना	72.19
14.	2023_WRD_301517	अटल भूजल अन्तर्गत अतरार तालाब एवं रामसागर तालाब योजना में बांध पर मिट्टी कार्य, पडल कार्य, स्लूस निर्माण कार्य, नहर का लाइनिंग कार्य, कोलावा एवं अन्य स्ट्रेक्चर्स निर्माण एवं मरम्मत कार्य।	टीकमगढ़	65.07
15.	2023_WRD_301518	अटल भूजल अन्तर्गत पैरिनया तालाब योजना में बांध पर मिट्टी कार्य, स्लूस निर्माण कार्य, नहर का लाइनिंग कार्य, कोलावा एवं अन्य स्ट्रेक्चर्स निर्माण एवं मरम्मत कार्य।	टीकमगढ़	48.32
16.	2023_WRD_301521	टर्न की पद्धति पर पाथाखेडा जलाशय (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	बैतूल	329.57
17.	2023_WRD_301521	टर्न की पद्धति पर सेवन तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं	सागर	252.06
18.	2023_WRD_301526	टर्न की पद्धति पर केवड़ेश्वर घाट का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परन्तु उस तक सीमित नहीं	इन्दौर	494.87
19.	2023_WRD_301528	पेंच व्यपवर्तन परियोजना के अन्तर्गत जलग्रहण क्षेत्र, डूब के निकटवर्ती क्षेत्र एवं कमाण्ड क्षेत्र में पर्यावरण पर प्रभाव के आंकलन एवं उपचार हेतु केचमेंट एरिया ट्रीटमेंट प्लान तैयार एवं स्वीकृति प्राप्त करने संबंधी कार्य।	छिन्दवाड़ा	59.96
20.	2023_WRD_301693	टर्न की पद्धति पर :- तिलावली स्टॉप डेम का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	मुरैना	421.64

जी-19037/48987/2023 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)

Email: mpphcl_ujjain@yahoo.in, फोन नं. 0734-2527715, मो. 9406808103

क्र. 1136 /पय/मप्पुहाइडेकालि/23/उज्जैन दिनांक: 01.09.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 12/2023-24

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा **क्रमांक 12/2023-24 दिनांक 01.09.2023** के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य अस्पताल भवन, जिला शाजापुर एवं अस्पताल भवन, जिला देवास हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2023_MPPHC_303696, 2023_MPPHC_303697 आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 01.09.2023 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111760/2023 **R-49005/2023** परियोजना यंत्री

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान

(एन.सी.ई.आर.टी. की इकाई, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत)

श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.)-462002

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त A++ श्रेणीबद्ध संस्थान)

विज्ञापन क्र. 04/2023

भर्ती सूचना (VACANY NOTICE)

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (एन.सी.ई.आर.टी.), भोपाल में निम्नलिखित रिक्त पदों को **प्रतिनियुक्ति आधार पर** भरने के लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

स.क्र.	पद का नाम	वेतनमान	पदस्थापना का स्थान	पदों की कुल संख्या
1.	सहायक	लेवल-6 (रु. 9300-34800+ग्रेड पे 4200/- पूर्व-संशोधित)	भोपाल	अनारक्षित-01
2.	निजी सहायक	लेवल-6 (रु. 9300-34800+ग्रेड पे 4200/- पूर्व-संशोधित)	भोपाल	अनारक्षित-01
3.	भण्डारपाल वर्ग-1	लेवल-5 (रु. 5200-20200+ग्रेड पे 2800/- पूर्व-संशोधित)	भोपाल (01 पद) एवं अहमदाबाद (01 पद)	अनारक्षित-02
4.	अर्द्ध व्यावसायिक सहायक	लेवल-5 (रु. 5200-20200+ग्रेड पे 2800/- पूर्व-संशोधित)	भोपाल	अनारक्षित-01
5.	उच्च श्रेणी लिपिक	लेवल-4 (रु. 5200-20200+ग्रेड पे 2400/- पूर्व-संशोधित)	भोपाल	अनारक्षित-05, अनु.जनजाति-01

- पद एवं पदों की संख्या को बढ़ाया या घटाया जा सकता है। प्राचार्य, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

अर्हता एवं अन्य नियम व शर्तें आदि के विवरण के लिये कृपया संस्थान की वेबसाइट **www.riebhopal.nic.in** का अवलोकन करें।

म.प्र. माध्यम/111735/2023 **R-48999/2023** प्राचार्य

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)

Regional Office, 101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road Indore-452007 (M.P.), E-mail : indoreakvn@gmail.com, Website : www.invest.mp.gov.in

No. MPIDC/R.O.-INDORE/TECH/2023/8838 Date : 31.08.2023

NOTICE INVITING TENDER

MPIDC Regional Office Indore (formerly known as MPAKVN(I) Ltd., Indore) invites online Percentage Rate/Item Rate tender from eligible contractors registered in MPPWD and having relevant experience individually through e-portal : **https://www.mptenders.gov.in** as mentioned below-

S. No.	Name of Work	PAC	Cost of Tender Form	EMD	Last Date of Submission
1.	Survey and Demarcation of Undeveloped Land & Fixing of Board at Durgapur, Distt. Dewas (M.P.)	Rs. 1,21,629/- + GST	Rs. 1180/- i/c GST	Rs. 2433/-	12.09.2023

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.

Note : The NIT will be uploaded on website of e-procurement system - **http://www.mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/111739/2023 **R-49000/2023** EXECUTIVE ENGINEER

MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED

(M.P. Government Undertaking)

CIN-U40109MP2001SGC014882

Office of The Superintending Engineer (O&M), Colony No. 3, Gandhisagar, Distt.- Mandsaur (M.P.) 458771, Ph. : 07427-299212, E-mail : acegsps@rediffmail.com & seonmgsps@gmail.com

अप्रेंटिस एक्ट 1961 के अन्तर्गत आई.टी.आई. अप्रेंटिस के आवेदन हेतु विज्ञापन

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड जो म.प्र. के राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी है, जिसका मुख्यालय शक्ति भवन, जबलपुर स्थित है के कार्यालय अधीक्षण अभियंता (संचा.संधा.) म.प्र. पा.जन.के.लि., गांधीसागर जिला-मंदसौर, द्वारा म.प्र. के मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिये जिन्होंने आई.टी.आई. (एस.सी.वी.टी./एस.सी.वी.टी.) ट्रेड-फिटर, इलेक्ट्रीशियन और वेल्डर, से उत्तीर्ण किया हो अप्रेंटिस एक्ट 1961 के अन्तर्गत कुल 11 रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।

नोट:- 01. आई.टी.आई. उत्तीर्ण उम्मीदवारों के आवेदन शासन की वेबसाइट **https://www.apprenticeshipindia.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 30.09.2023 की मध्यरात्रि (11.59) तक** ऑनलाइन पद्धति से स्वीकार किये जावेंगे।

02. शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष तक रहेगी, जिसमें नियमानुसार स्टाईपेंड देय होगा।

03. आवेदन करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु दिनांक 01.06.2023 को 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 27 वर्ष होना चाहिये एवं एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी./ई.डब्लु.एस./दिव्यांग को आयु में छूट शिक्षुता नियम (संशोधित) 2015 एवं राज्य शासन के नियमानुसार रहेगा।

04. उक्त रिक्तियों की संख्या परिवर्तनशील है तथा कम्पनी को रिक्तियां भरने या ना भरने का अधिकार रहेगा।

05. एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी./ई.डब्लु.एस. वर्ग हेतु आरक्षण शिक्षुता नियम (संशोधित) 2015 एवं राज्य शासन के नियमानुसार रहेगा।

06. उम्मीदवार विज्ञापन का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mppgcl.mp.gov.in/careers.html** पर देख सकते हैं अथवा कार्यालय अधीक्षण अभियंता (संचा.संधा.) म.प्र.पा.जन.के.लि., गांधीसागर जिला मंदसौर में कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111699/2023 **R-48996/2023** **"बिजली की बचत करें"** अधीक्षण अभियंता (संचा.संधा.)

शत-प्रतिशत परिवारों तक नल-जल उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जाए

भोपाल, शत-प्रतिशत परिवारों तक नल-जल योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दें। यह सुनिश्चित करें कि जल प्रदाय योजनाओं का सुचारू संचालन हो। ये बातें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसम्पर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भोपाल स्थित मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का कार्यभार ग्रहण कर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहीं। समीक्षा बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ल, प्रमुख अभियंता श्री संजय कुमार अंधवान, जल निगम के परियोजना निदेशक श्री ए.के. जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि जिन समूह नल-जल योजनाओं से जल प्रदाय प्रारंभ हो गया है, उनमें जल प्रदाय के सुचारू रूप से संचालन हेतु ठेकेदार द्वारा पर्याप्त मात्रा में वाल्व ऑपरेटर आदि लगाये जायें, जिससे ग्रामीणों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में शुद्ध पेय जल उपलब्ध हो सके। समूह योजना से लाभान्वित जिन ग्रामों में शत-प्रतिशत परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त पाइप लाइन की आवश्यकता है उन ग्रामों के लिए तत्काल कार्य योजना क्रियान्वित कर संपूर्ण ग्राम को नल से जल उपलब्ध कराने की कार्रवाई प्राथमिकता पर करें।

श्री शुक्ल ने कहा कि वे सितंबर माह में विभागीय कार्यों की संभागवार समीक्षा संभागीय मुख्यालय पर मैदानी अधिकारियों के साथ करेंगे, इसके लिये विभाग द्वारा आवश्यक तैयारी की जाये।

प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला ने मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल को विभाग एवं जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने किया

'वित्त व्यवस्था' पुस्तक का विमोचन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'वित्त व्यवस्था' का विमोचन किया।

इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष श्री रणजीत सिंह चौहान, संरक्षक श्री नितिन नांदगांवकर तथा अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने पुस्तक के प्रकाशन के लिए संघ को बधाई दी। उन्होंने अधिकारी संघ के सदस्यों का मुख्यमंत्री निवास में स्वागत किया। संघ ने मुख्यमंत्री को स्मृति-चिन्ह भेंट किया।

श्री चौहान को संघ के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि 'वित्त व्यवस्था' पुस्तक में जुलाई 2023 तक के सामान्य प्रशासन, वित्त, स्वास्थ्य, उद्योग आदि विभागों के नियम, निर्देशों का संकलन कर उनकी सरल भाषा में व्याख्या की गई है। पुस्तक प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराने में सहायक होगी। साथ ही पुस्तक से वित्त विभाग के नियम निर्देशों को समझना भी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सरल होगा। नियमों की सरल व्याख्या, राज्य के अधिकारियों के प्रतिदिन के कार्यों में उपयोगी साबित होगी तथा उनकी कार्य कुशलता और कार्यों में शुद्धता को बढ़ाएगी।

उल्लेखनीय है कि वित्त व्यवस्था पुस्तक शासकीय विभागों के लिए संदर्भ का एक अच्छा स्रोत है।

सभी चिकित्सकों को समयबद्ध वेतनमान दिया जाएगा

चिकित्सकों को पांच, दस और पन्द्रह वर्ष में मिलेगी वेतनवृद्धि

भोपाल, सभी विभागों के चिकित्सकों को समयबद्ध वेतनमान दिया जायेगा। बिना पदोन्नति की बाध्यता के पांच, दस और पन्द्रह वर्ष में वेतन वृद्धि मिलेगी। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों को भी एक जनवरी 2016 से सातवां वेतनमान मिलेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित शासकीय महात्मा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में 2 हजार बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण कार्य, नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्टल तथा ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेतन की एनपीए गणना की त्रुटियों को दूर किया जायेगा। संविदा कर्मियों के जैसे ही संविदा चिकित्सकों को भी सुविधाएं मिलेंगी। सभी विभागों के डॉक्टर को समान कार्य, समान वेतन मिलेगा। चिकित्सा छात्रों के ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य सेवा संबंधी बांड राशि का युक्तियुक्तकरण होगा। सहायक प्राध्यापक के विलोपित वेतनमान में सुधार किया जायेगा। शहर के 11 नर्सिंग होम की शिफ्टिंग के नियम सरल किए जायेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का जाल बिछाया जा रहा है। शरीर स्वस्थ रहे इससे बड़ा सुख कोई नहीं हो सकता। डॉक्टरों का लोगों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण योगदान होता है। मरीजों, गरीबों को बेहतर इलाज और आज की चिकित्सा आवश्यकताओं की पूर्ति करने के उद्देश्य से यह नवीन भवन तैयार किया गया है। डॉक्टर्स जनता को बेहतर चिकित्सा की सुविधाएं दें, सरकार उनकी सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहने देगी। उन्होंने भोपाल गैस त्रासदी और कोविड के दौर में चिकित्सकों और शासकीय अस्पतालों की भूमिका को अद्भुत बताया।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल स्थिति महात्मा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

मूलभूत आवश्यकताएं हैं स्वास्थ्य और शिक्षा

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य बन गया है। इसका श्रेय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को जाता है। किसी भी राज्य के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा आधारभूत आवश्यकताएं हैं। प्रदेश में इसके लिए बेहतर ढंग से कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में हिन्दी में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू की गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा कार्य किया है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन रहा है।

- **वर्ष 2014 तक प्रदेश में एमबीबीएस की 720 सीटें उपलब्ध थी, जो अब बढ़कर 2 हजार 205 हो चुकी हैं।**
- **19 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से एमबीबीएस सीटों में 4 हजार से अधिक की वृद्धि होगी।**
- **भोपाल तथा ग्वालियर मेडिकल कॉलेज की विस्तर क्षमता को कुल 2 हजार 500 विस्तर तक बढ़ाया गया।**
- **इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में चार नए सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल प्रारंभ।**
- **14 चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं।**

राज्य सरकार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचायें : जनसम्पर्क मंत्री

जनसंपर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल में जनसंपर्क विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए

भोपाल, जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल स्थित मंत्रालय में जनसंपर्क विभाग की समीक्षा की। श्री शुक्ल ने कहा कि शासन द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें। बैठक में आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह ने विभागीय प्रचार-प्रसार गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में विधायक श्री के.पी. त्रिपाठी, संचालक जनसंपर्क श्री आशुतोष प्रताप सिंह एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कॉलेज लेवल काउंसलिंग का छठवां चरण 28 अगस्त से शुरू

भोपाल, मध्यप्रदेश की शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए ऑनलाइन प्रवेश का छठवां कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण 28 अगस्त 2023 से प्रारंभ किया जा रहा है। आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 15 सितंबर तक किया जा सकेगा।

पाँच लाख से अधिक विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 की प्रवेश प्रक्रिया में वर्तमान में पांच कॉलेज लेवल काउंसलिंग संचालित की जा चुकी हैं और अब तक लगभग 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। इसमें 28 अगस्त से 1 सितंबर तक विद्यार्थी नवीन पंजीयन और सभी विद्यार्थी चॉइस फिलिंग कर सकेंगे।

स्नातक प्रथम वर्ष और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी ऑनलाइन दस्तावेजों का सत्यापन 29 से 4 सितम्बर 2023 तक कर सकते हैं। प्रावीण्य सूची 6 सितंबर को महाविद्यालय की सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। विद्यार्थी आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान कर आवश्यक होने पर प्रवेश के लिए इच्छित महाविद्यालय में पाठ्यक्रम, विशेष समूह के अपग्रेडेशन 6 से 12 सितंबर, 2023 तक कर सकते हैं। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थान गुणानुक्रम के आधार पर शेष आवेदकों को आवंटन पत्र 13 सितंबर को जारी किया जाएगा। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थानों पर आवंटित आवेदकों को महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 13-15 सितंबर, 2023 की मदद करना होगा।

उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा पूरक विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम दो दिवस में घोषित किया जाना है जिसमें लगभग 1 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इसके साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान शैक्षणिक सत्र से 30 नवीन महाविद्यालय आरंभ किए गए हैं। इन महाविद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस चरण को आरंभ करने के लिए निर्देशित किया है।

प्रवेश प्रक्रिया का यह अंतिम चरण होगा जिसमें पूर्व पंजीकृत आवेदक तथा नवीन आवेदक च्वॉइस फिलिंग कर सकेंगे और अपनी पसंद के महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। इस वर्ष 1367 शासकीय महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया में शामिल है जिनमें विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

पीएम स्वनिधि से स्ट्रीट वेण्डर की समृद्धि के लिये करें कार्य

भोपाल, पीएम स्वनिधि से स्ट्रीट वेण्डर की समृद्धि के लिये कार्य करने की जरूरत है। नगरीय निकाय और बैंकर्स मिलकर स्ट्रीट वेण्डर्स को स्व-रोजगारी, स्वावलंबी और समृद्ध बनाने के लिये कार्य करें। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री भागवत कराड़ ने यह बात पीएम स्वनिधि की कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में हुई जोनल कॉन्फ्रेंस में कही। जोनल कॉन्फ्रेंस में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सरकार के अधिकारी शामिल हुए।

श्री कराड़ ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि स्ट्रीट वेण्डर्स को बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्हें समय पर लोन मिले। स्ट्रीट वेण्डर्स को लोन देने के बाद बैंकर्स डिजिटल लेन-देन की ट्रेनिंग भी दें। साथ ही यूपीआई साउण्ड बॉक्स भी उपलब्ध करायें।

- पीएम स्वनिधि स्ट्रीट वेण्डर्स योजना के तहत प्रतिदिन 25 हजार से अधिक आवेदनों पर हो रही कार्यवाही।
- देश में अभी 43 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को पीएम स्वनिधि स्ट्रीट वेण्डर्स योजना से किया गया लाभान्वित।

उन्होंने बताया कि एक जून 2020 से शुरू हुई पीएम स्वनिधि योजना में अगस्त-2020 में प्रतिदिन 5 हजार रजिस्ट्रेशन हो रहे थे। अब प्रतिदिन 25 हजार हो रहे हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा कर कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को 30 सितम्बर तक प्राप्त करें। श्री कराड़ ने पीएम स्वनिधि योजना में सुश्री प्रिया जोशी, श्री रवीन्द्र और श्री मुकेश उइके को 50-50 हजार, सुश्री दीपा को 20 हजार और श्री सोहित पाल को 10 हजार रुपये के लोन का चेक प्रदान किया।

रतलाम जिले की विद्युत पारेषण व्यवस्था को मिली सुदृढ़ता

रतलाम, एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने रतलाम जिले के 132 के.व्ही. सबस्टेशन सैलाना में 63 एम.व्ही.ए. क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सैलाना क्षेत्र में कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती विद्युत मांग के मद्देनजर एम.पी. ट्रांसको ने सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि करते हुए 63 एम.व्ही.ए. क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया है। इस ट्रांसफार्मर के स्थापित हो जाने से सैलाना सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 113 एम.व्ही.ए. हो गई है। लगभग 4.5 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से इसे स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है।

श्री तोमर ने बताया कि इस पावर ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से रतलाम जिले की ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 2075 एम.व्ही.ए. की हो गई है। इससे बाजना, अम्बा-शेरपुर, सुवलोन, सरवन, रावती, सैलाना, धामनोद से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं को काफी फायदा पहुंचेगा। अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध रहेगी। एम.पी. ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री के.एस. सिंघल ने बताया कि एम.पी. ट्रांसको की कुल स्थापित ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर अब 78178 एम.व्ही.ए. की हो गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

देश की प्रगति के लिए जरूरी हैं अभियंता और वैज्ञानिक

झाबुआ, देश की प्रगति के लिए अभियंता और वैज्ञानिक दोनों आवश्यक हैं। जनजातीय बहुल क्षेत्र झाबुआ में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत करीब आठ वर्ष पूर्व खोला गया इंजीनियरिंग कॉलेज वर्ष 2019 में बंद करने के आदेश दे दिए गए। वर्ष 2020 में पुन: मुख्यमंत्री बनने के बाद मेरे संज्ञान में यह बात आयी और मैंने महाविद्यालय पुन: प्रारंभ करने के निर्देश दिए। लगभग 36 एकड़ क्षेत्र में नवनिर्मित कॉलेज भवन का लाभ 500 से अधिक विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने झाबुआ में 34 करोड़ 65 लाख की लागत के नवनिर्मित यूआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान झाबुआ में इंजीनियरिंग कॉलेज भवन का लोकार्पण करते हुए

- झाबुआ जिले में 5 आईटीआई हैं, इनमें 9 ट्रेड्स संचालित हैं तथा 750 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।
- झाबुआ में 7 महाविद्यालय और एक पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भी है संचालित।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झाबुआ का यह महाविद्यालय भवन पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। भारत ने हाल ही में चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान उतारा है। इससे प्रत्येक देशवासी गौरवान्वित है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डॉ. कलाम का सपना साकार करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सहित राष्ट्रवासियों को इस विशेष उपलब्धि के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिन्दी में प्रारंभ की गई है। इसका उद्देश्य राष्ट्रभाषा के सम्मान के साथ ही योग्य विद्यार्थियों को भी आसानी से शिक्षा उपलब्ध करवाना है। जापान, जर्मनी और फ्रांस सहित कई देशों में अंग्रेजी में अध्ययन के स्थान पर उन देशों की भाषाओं में ही शिक्षा दी जाती है। क्षेत्रीय भाषाएं और हिन्दी विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में योग्य बना सकती हैं।

इंजीनियरिंग के साथ पढ़ाएंगे हैप्पीनेस और जीवन मूल्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि झाबुआ के इंजीनियरिंग कॉलेज में इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं के अध्ययन के साथ ही कम्युनिटी इंगेजमेंट, हैप्पीनेस और जीवन मूल्य विषय भी विद्यार्थियों को पढ़ाए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में भी क्षमताएं होती हैं, उन्हें अध्ययन के पूरे अवसर मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को अन्य ग्राम में पढ़ने के लिए जाने पर साइकिल के लिए राशि, 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर लैपटॉप और अपने गांव में सर्वाधिक अंक लाने वाले बेटा-बेटी को स्कूटी प्रदान की जा रही है। सरकार ने उच्च शिक्षा महंगी होने की स्थिति को देखते हुए विद्यार्थियों को शिक्षण शुल्क देने की पहल की।

वन विहार में विशेष नेचर कैम्प

भोपाल, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में बाल ग्राम एस.ओ.एस. भोपाल के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिये नि:शुल्क ''विशेष नेचर कैम्प'' का आयोजन किया गया। कैम्प में 49 छात्र-छात्राओं और 8 सहयोगियों ने भाग लिया। सहायक संचालक वन विहार श्री सुनील कुमार सिन्हा ने वन विहार के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

दिव्यांग छात्र-छात्राओं को वन विहार पर केन्द्रित फिल्म पक्षी एवं टाइगर दिखाई गई और वन विहार का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान लॉयन, पैंथर, भालू, टाइगर, कछुए एवं स्नेक पार्क के बारे में रोचक जानकारी दी गई।

भविष्य निधि अदालत 12 सितम्बर से

भोपाल, शासकीय कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिये महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी द्वितीय) द्वारा 12 से 14 सितम्बर तक सामान्य भविष्य निधि अदालत का आयोजन विंध्याचल भवन भोपाल में किया जा रहा है। इस अदालत में शासकीय कर्मियों के लेखा खातों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

प्रदेश सरकार कृषि को उन्नत बनाने के लिए कर रही है समग्र प्रयास

भोपाल, मध्यप्रदेश सरकार राज्य में खेती-किसानी को उन्नत बनाने के प्रयासों के साथ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए भी निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। यह बात आयुक्त किसान-कल्याण एवं कृषि विकास श्री एम. सेलवेन्द्रन ने कृषि विभाग द्वारा डब्ल्यू.आर.आई. इण्डिया और फूड एण्ड लेण्ड यूज कोलिएशन (फोलू) इण्डिया के सहयोग से आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही।

- कार्यशाला में विभिन्न संगठनों के सदस्य और कृषि विभाग के अधिकारी हुए शामिल।
- कार्यशाला में प्रतिभागी संगठनों ने दिए प्रजेंटेशन।
- कार्यशाला में खेती को उन्नत बनाने और कृषि के समुचित विकास की योजना पर हुआ मंथन।

आयुक्त कृषि श्री सेलवेन्द्रन ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की ज्यादातर कृषि भूमि को सतत एवं प्राकृतिक खेती के दायरे में लाने के लिये कटिबद्ध है। यह कार्यशाला ऐसी खेती को सीखने और उसकी समुचित योजना बनाने में कारगर साबित होगी। पूरे देश में सतत और उन्नत कृषि पद्धतियों के सफल मॉडल्स का परीक्षण करना और विशेष रूप से मध्यप्रदेश के लिये सर्वाधिक उपयुक्त पद्धतियों की पहचान करना कार्यशाला का उद्देश्य है। इन मॉडल्स में कृषि मूल्य श्रंखला से जुड़े विभिन्न पहलुओं को भी शामिल किया गया है। प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती के रकबे को बढ़ाने के लिये किसानों को देशी गाय के पालन के लिये 900 रुपये अनुदान दे रही है।

कार्यशाला में डब्ल्यूआरआई इण्डिया की सस्टेनेबल लेण्ड स्केप एण्ड रि-स्टोरेशन इकाई की निदेशक डॉ. रुचिका सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत के अन्य राज्यों को सतत खाद्य प्रणालियों में रूपांतरण का बेहतर रास्ता दिखा सकता है। फोलू इण्डिया के कंट्री को-ऑर्डिनेटर डॉ. जयहरि के.एम. ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश सरकार सभी संबंधित हितधारकों को फायदा पहुँचाने के लिये समावेशी और समग्र लाभ पहुँचाने के दृष्टिकोण से किये जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाने में हर संभव मदद कर रही है। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूआरआई इण्डिया ने गत वर्ष मध्यप्रदेश सतत कृषि कार्यक्रम परियोजना को कुछ चुनिंदा जिलों में लागू करने के लिये कृषि विभाग से एमओयू साइन किया था। एमओयू के अंतर्गत छिंदवाड़ा, हरदा, जबलपुर और सीहोर जिले को सतत एवं उन्नत कृषि कार्यक्रम के पायलेट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है।

स्वच्छता के बाद स्मार्ट सिटी में भी इंदौर बना नंबर वन

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में एयरपोर्ट पर आयोजित कार्यक्रम में स्मार्ट सिटी के क्षेत्र में देश में इंदौर के नंबर वन आने पर शहरवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर शहर की जनता, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित अन्य संबंधितों की अथक मेहनत का ही परिणाम है कि इंदौर ने फिर देश में एक नया मुकाम हासिल किया है। इंदौर देश में आइकॉन बन गया है। इंदौर को शीघ्र ही मेट्रो ट्रेन वाली सिटी बनने का गौरव भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। चंद्रमा पर भ्रमण कर रहा चंद्रयान भारत की यशोगाथा को पूरी दुनिया में पहुंचा रहा है। वहीं मध्यप्रदेश देश में नंबर वन प्रदेश बन गया है। कृषि विकास दर में हम नंबर वन हैं। गेहूं के एक्सपोर्ट में मध्यप्रदेश देश में नंबर वन है। स्वच्छता में नंबर वन है। जल-संरक्षण के क्षेत्र में भी नंबर वन है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर वायु की गुणवत्ता में भी नंबर वन है। स्वच्छतम शहर भी है। अब स्मार्ट सिटी में भी नंबर वन इंदौर बन गया है। उन्होंने कहा कि आप सबके प्रयत्नों से इंदौर आइकन बन गया है। जन-सहभागिता का मॉडल इंदौर है। इंदौर अब मेट्रो ट्रेन वाला शहर भी बनने वाला है। शीघ्र ही मेट्रो का ट्रायल रन भी होगा। इंदौर और मध्यप्रदेश अब एक नया मुकाम हासिल करेगा। अद्भुत है इंदौर की जनता, अद्भुत है इंदौर के जनप्रतिनिधि। अब पूरा प्रदेश स्मार्ट हो गया है। भोपाल सहित अन्य नगरों ने भी स्मार्ट सिटी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ 36 लाख परिवार गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। यह भी एक बड़ी उपलब्धि है। देश की अर्थव्यवस्था के साथ ही मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो रही है। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार 71 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

मतदाता सूची में संशोधन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई

भोपाल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब कोई भी नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 11 सितंबर तक आवेदन कर सकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पहले अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई थी।

प्रदेश में फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया 2 अगस्त से शुरू हुई थी।

मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अंतर्गत 11 सितंबर तक दावा-आपत्ति के आवेदन लिए जाएंगे। प्रत्येक कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में प्रदेश के सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है वे ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा विषय पर लेखकों की कार्यशाला आयोजित होगी - उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम एवं संदर्भ ग्रंथ की प्रकाशित पुस्तकों के लेखकों की भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा विषय पर आधारित कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव यह जानकारी मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के प्रबंधक मंडल की बैठक में दी।

बैठक को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय में अध्यनरत अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य ईडब्ल्यूएस के विद्यार्थियों को विशेष छूट के तहत पाठ्यक्रम आधारित पुस्तक मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।



उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी की बैठक को संबोधित करते हुए

डॉ. यादव ने सभी शासकीय विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश से हिंदी ग्रंथ अकादमी की पुस्तकों का बिक्री केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकें आसानी से उपलब्ध हो सकें।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मंत्रिपरिषद के निर्णय

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

में बहनों को 4 जुलाई से 31 अगस्त तक 450 रुपये में गैस रिफिल कराने का निर्णय

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास 'समत्व भवन' में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की कनेक्शनधारी बहनों को 4 जुलाई 2023 से 31 अगस्त 2023 तक की अवधि प्राप्त की गई गैस रिफिल 450 रुपये में उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया। लगभग 40 लाख गैस रिफिल प्राप्त करने वाली बहनों के आधार लिंक बैंक खाते में प्रति रिफिल लगभग 500 रुपये के मान से राशि का भुगतान किया जाएगा। इस पर लगभग 200 करोड़ रुपये का व्यय संभावित है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों की सड़कों के उन्नयन और निर्माण के लिये 1200 करोड़ रुपये की "कायाकल्प योजना" की स्वीकृति प्रदान की गई। नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों के सुलभ आवागमन के लिए अच्छी, मजबूत और आरामदेह सड़कों का नेटवर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।
- इस योजना में निकाय की प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण, मजबूतीकरण और निर्माण का कार्य, समयबद्ध कार्यक्रम अनुसार गुणवत्तापूर्ण किया जायेगा। योजना के कार्यों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिये नगरीय राज्य क्वालिटी मॉनिटर की नियुक्ति के साथ ही, राज्य, संचालनालय एवं संभाग स्तर पर त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गयी है।
- मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना अन्तर्गत विद्यार्थी के पिता/पालक की वार्षिक आय सीमा 6 लाख रुपये से बढ़ा कर 8 लाख रुपये करने की स्वीकृति प्रदान की।
- मंत्रिपरिषद ने भोपाल शहर के पश्चिम-दक्षिण हिस्से में 40.90 किलोमीटर लम्बे पश्चिम भोपाल बायपास का निर्माण 2 हजार 981 करोड़ 65 लाख रुपये लागत से हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर किये जाने का निर्णय लिया। इस बायपास मार्ग का चार लेन मय पेव्हड शोल्डर में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा निर्माण किया जायेगा।
- परियोजना में चार लेन मार्ग के साथ 6 लेन स्ट्रक्चर एवं दोनों ओर दो लेन सर्विस रोड का निर्माण किया जायेगा। मार्ग के एकरेखण में आने वाले एक आरओबी, दो फ्लाई ओवर, पंद्रह अंडरपास एवं दो वृहद जंक्शन का निर्माण किया जायेगा। प्रस्ताव के अनुसार निवेशकर्ता एजेंसी को निर्माण कार्य के दौरान ठेके की 40 प्रतिशत राशि का भुगतान 5 किस्तों में किया जायेगा। शेष 60 प्रतिशत राशि का भुगतान छः माही एन्यूटी के रूप में अगले 15 वर्षों तक किया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप "खेलो इण्डिया यूथ गेम्स" की तर्ज पर "खेलो एम.पी. यूथ गेम्स" को प्रदेश में प्रतिवर्ष आयोजित करने और आयोजन व्यय 200 करोड़ रुपये की सहमति प्रदान की गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जिला रीवा में नवीन अनुविभाग जवा का सृजन करने का निर्णय लिया गया। नवीन अनुभाग में तहसील जवा के समस्त पटवारी हल्का 01 से 87 तक कुल 87 पटवारी हल्के शामिल होंगे। जवा अनुविभाग के गठन के बाद अनुविभाग त्योंथर में तहसील त्योंथर के पटवारी हल्के 01 से 100 तक, कुल 100 पटवारी हल्के शेष रहेंगे। जवा के संचालन के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का एक, स्टेनो टायपिस्ट का एक, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 3, वाहन चालक का एक और भृत्य के 4 पद इस प्रकार कुल 12 पद स्वीकृत किये गये हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा आशा तथा शहरी आशा कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा संपादित की जाने वाली रूटीन गतिविधियों की प्रोत्साहन राशि प्रतिमाह 2 हजार से बढ़ाकर प्रतिमाह 6 हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रतिवर्ष उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार (अधिकतम 1000 रुपये की सीमा में) प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की गई है।
- आशा पर्यवेक्षकों को दी जाने वाली दैनिक प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन (अधिकतम रुपये 15000 रुपये प्रतिमाह) की गई तथा प्रतिवर्ष समुचित बढ़ोतरी के निर्णय लेने के लिए विभाग को अधिकृत किया गया है। आशा, शहरी आशा और आशा पर्यवेक्षकों की सेवानिवृत्ति के समय दी जाने वाली राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये की गई है। आशा, शहरी आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों के परिवारों को उनकी कर्त्तव्य अवधि में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का पात्र परिवार भी माना गया है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश जल निगम के माध्यम से रतलाम और छतरपुर के लवकुशनगर में 2 नवीन समूह जल-प्रदाय योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इसके लिये 967 करोड़ 52 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश में गुर्जरों के कल्याण, उनके सामाजिक, आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने, रोजगार, कौशल विकास एवं शिक्षा/प्रशिक्षण के लिये राज्य सरकार को आवश्यक सुझाव एवं अनुशंसाएं दिये जाने के लिये 'मध्यप्रदेश देव नारायण बोर्ड के गठन आदेश 28 सितम्बर 2020 का अनुसमर्थन किया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया परिवारों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिये संचालित आहार अनुदान योजना की पात्र महिला हितग्राहियों को महिला-बाल विकास विभाग द्वारा संचालित लाड़ली बहना योजना में समय-समय पर होने वाली राशि वृद्धि का लाभ समान रूप से देने का निर्णय लिया गया है। साथ ही हितग्राहियों द्वारा योजना का दोहरा लाभ लेने पर रोक के लिये आहार अनुदान योजना का लाभ लेने वाली हितग्राही महिला को लाड़ली बहना योजना का लाभ नहीं देने का भी निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा सतपुड़ा भवन और विंध्याचल भवन के उन्नयन के लिये 167 करोड़ 59 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई।

संस्कृत का उत्थान और सांस्कृतिक स्वर्ण युग का आरंभ - मुख्यमंत्री

भोपाल, संस्कृत का उत्थान राष्ट्र और भारतीय संस्कृति का उत्थान है। इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि जो उत्थान संस्कृत का होना था वह बाहरी लोगों के शासन के कारण देश में नहीं हो सका। संस्कृत का अनादर हुआ। हमारी संस्कृति जो वसुधैव कुटुम्बकम और सर्व कल्याण की बात कहती है, संस्कृत के श्लोकों में अभिव्यक्त हुई है। अब देश में सांस्कृतिक उत्थान के स्वर्ण युग का आरंभ हुआ है और हम माँ संस्कृत की सेवा कर पा रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन के सभा कक्ष से महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से संबद्ध प्राच्य गुरूकुलों के लिए आर्थिक सहायता राशि अंतरित करते हुए कहीं।

श्री चौहान ने संस्कृत शिक्षकों और संस्कृत के विद्यार्थियों को संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि- 'यदि भारत की आत्मा को समझना है तो संस्कृत को समझना होगा। मैं भाग्यशाली हूं जो मुझे संस्कृत के विकास और संवर्धन का अवसर मिला है। भारतीय साहित्य की विशेषताओं का रसास्वादन संस्कृत के माध्यम से ही लिया जा सकता है।' मुख्यमंत्री ने संस्कृत में कहा कि 'समस्त-प्रदेशवासिनाम् एवञ्च देशवासिनां कृते संस्कृत सप्ताहस्य हार्दिकी शुभकामना।'

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान झाबुआ में इंजीनियरिंग कॉलेज भवन का लोकार्पण करते हुए

- मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संस्कृत विद्यालयों के विद्यार्थियों और प्राचार्यों के खाते में 2 करोड़ 30 लाख रुपये की राशि अंतरित की।
- प्रदेश में संचालित है 90 अशासकीय आवासीय संस्कृत प्राच्य विद्यालय।

महर्षि पतंजलि संस्थान के अध्यक्ष श्री भरत बैरागी ने कहा कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रारंभ नवनिर्मित संस्कृत भवन पूरे देश में विशिष्ट है। अन्य राज्यों में संस्कृत भवन नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की संस्कृत पाठशालाएं वैभव को प्राप्त करेंगी। प्रदेश में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से संबद्ध प्राच्य गुरूकुलों (अशासकीय आवासीय विद्यालयों) को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। प्रदेश में संचालित 90 अशासकीय आवासीय संस्कृत प्राच्य विद्यालय जो परंपरागत गुरूकुल के नाम से वर्तमान में संचालित हैं, में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हित में राशि प्रदान की जाती है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बहनों के जीवन को बदलने का संकल्प बना...

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुलिस सहित अन्य भर्तियों में 35 प्रतिशत बहनों को नियुक्तियां दी जायेंगी। शिक्षकों के पदों पर 50 प्रतिशत बहनें नियुक्त होंगी। स्थानीय निकायों में एल्डरमैन और अन्य पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। बहनों और बेटियों को बेहतर शिक्षा का प्रावधान करते हुए बहनों की शिक्षण फीस शासन द्वारा दी जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों का सम्मान सर्वोपरि है।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने की यह घोषणाएं

- बहनें नहीं चाहेंगी तो किसी क्षेत्र में मदिरा की दुकान नहीं खुलेगी। आबकारी नीति में परिवर्तन किया जायेगा।
- गांव में नि:शुल्क भूखंड और शहरों में अतिक्रमण से मुक्त जमीन पर भूखंड बहनों को दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री आवास योजना में भी लाभ दिया जायेगा।
- सितंबर तक बढ़े हुए बिजली बिल की वसूली नहीं होगी। सिर्फ सौ रुपए तक बिल आएगा।
- मजदूर-टोलों में जिनके घर में बिजली नहीं है, वहां बीस घर की बस्ती में भी बिजली दी जाएगी। बिजली देने के लिए 900 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।
- लाड़ली बेटियों की फीस सरकार भरवाएगी, ताकि बेटियां भी ठीक से पढ़ सकें।
- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अक्टूबर से मिलेंगे 1250 रुपये।
- पुलिस सहित अन्य भर्तियों में 35 प्रतिशत बहनों को मिलेंगी नियुक्तियां।
- सितंबर तक बढ़े हुए बिजली बिल की वसूली नहीं होगी।
- 27 अगस्त बना लाड़ली बहनों के जीवन में महत्वपूर्ण दिवस।
- सावन के अवसर पर 450 रुपये में रसोई गैस सिलेण्डर मिलेगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मैन विद अ विज़न और मैन ऑन अ मिशन...

इस दौरान श्री चौहान ने कहा कि संपूर्ण विश्व इस बात पर एकमत है कि यह भारत का दौर है। समस्या कोई भी हो, सारा विश्व समाधान के लिए भारत की ओर देखने लगा है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व क्षमता से संभव हुआ है। कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय सूचना-प्रसारण, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग तथा अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि और विद्यार्थी उपस्थित थे।

100 प्रतिशत सैचुरेशन का लक्ष्य रखा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मैन विद अ विज़न-मैन ऑन अ मिशन हैं। उन्होंने वर्ग विशेष के तुष्टिकरण की जगह हर हितग्राही के संतुष्टिकरण की नीति के क्रियान्वयन के लिए टारगेटिंग 100 प्रतिशत सैचुरेशन का लक्ष्य रखा। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास की भावना जीरो टॉलरेंस फॉर करप्शन और फोकस ऑन डायरेक्ट कम्युनिकेशन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व की विशेषताएं हैं।

जन-जन की बात बनी मन की बात

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सवा सौ करोड़ भारतवासियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का क्रांतिकारी नवाचार मन की बात आज देश के जन-जन की बात बन चुकी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी अपनी सोच, अपने विचार और विजन को बहुत सहजता से समझा देते हैं। किसान हो या इंजीनियर, वैज्ञानिक, लेखक, छात्र, शिक्षक, आमजन, राजनेता या श्रोताओं का कोई भी समूह उनके साथ ऐसे जुड़ जाते हैं, मानो वे उन्हीं में से एक हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी मन की बात से लोगों की चिंताओं और आकांक्षाओं से सीधे जुड़ते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

विगत 16 वर्षों में नवाचारों के लिये मध्यप्रदेश...

इसका उद्देश्य जल उपचार संयंत्रों, पंप हाउसों और स्टोरेज की मॉनिटरिंग, नियंत्रण और डेटा प्रबंधन की सही समय पर जानकारी देने की व्यवस्था बनाना है, जिससे पानी की आपूर्ति तय मापदंडों के साथ और प्रभावी ऊर्जा प्रबंधन के साथ हो सके। भोपाल जिले के लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

ई-गवर्नेंस के प्रमुख उदाहरण

- वर्ष 2018 में पंच परमेश्वर पोर्टल को गोल्ड पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- ई-गवर्नेंस में रचनात्मक तरीकों से खेलों की उत्कृष्टता के लिए खेल और युवा कल्याण निदेशालय द्वारा सिल्वर पुरस्कार प्राप्त।
- एडॉप्शन एजेंसी के बच्चों की मॉनिटरिंग के लिये अनमोल देश की पहली राज्य स्तरीय ई-पहल बनी।
- स्कूल शिक्षा पोर्टल एक समग्र पोर्टल है जो एक एकीकृत ई-गवर्नेंस व्यवस्था के रूप में डिज़ाइन किया गया। जो स्कूलों के मानव संसाधन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, संसाधनों के प्रबंधन को सुधारने में मददगार है।
- स्कूल शिक्षा पोर्टल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 को लागू करने में मददगार बना।
- पोर्टल ने सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी का भरपूर उपयोग किया है।

इन क्षेत्रों में रही बड़ी भूमिका

ग्रामीण सड़क कनेक्टिविटी की योजना के लिए जियोमेट्रिक्स आधारित एकीकृत सूचना तंत्र एप्लीकेशन, नागरिक सुविधा और शिकायतों के लिए टेली-समाधान कॉल सेंटर, जन मित्र समाधान केंद्र, ग्वालियर, ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम, एसएमएस आधारित ट्रांसफार्मर जानकारी और प्रबंधन सिस्टम शामिल हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा

सचिन तेंदुलकर

निर्वाचन आयोग के ब्रांड एम्बेसेडर

मशहूर क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को चुनावी प्रक्रिया में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के ब्रांड एम्बेसेडर के लिए नामित किया गया है। सचिन और आयोग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। 3 साल के समझौते के तहत तेंदुलकर मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। यह सहयोग आगामी चुनावों, विशेष रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

श्रेथा थॉविसिन

थाईलैंड के प्रधानमंत्री बने

संसद के संयुक्त वोट से फू थाई पार्टी के श्रेथा थॉविसिन को थाईलैंड का नया प्रधानमंत्री चुना गया। थाई पीबीएस चैनल के अनुसार थॉविसिन की उम्मीदवारी पर पांच घंटे की बहस के बाद मतदान हुआ। नतीजतन थॉविसिन को फू थाई पार्टी के नेतृत्व में एक दिन पहले बनाए गए गठबंधन के 11 दलों के निचले सदन के प्रतिनिधियों और सीनेटरों के एक महत्वपूर्ण हिस्से का समर्थन प्राप्त था। ज्ञात रहे कि श्रेथा एक रियल एस्टेट मुगल हैं जिन्होंने कुछ दिनों पहले ही फू थाई के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था।

लूना-25 मून मिशन

क्रैश हुआ तो वैज्ञानिक की तबियत बिगड़ी

रूस के लिए लूना-25 मून मिशन की नाकामी के कारण अभियान के नेतृत्व से जुड़े मिखाइल मारोव की तबियत बिगड़ गयी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। एजेंसी रोस्कोसमोस ने कहा कि अनियंत्रित कक्षा में प्रवेश करने के बाद लूना-25 यान जब चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब इस अभियान के 90 वर्षीय प्रमुख सलाहकार मारोव सदमे में आ गए और उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

नार्वे

दुनिया के सबसे बड़े तैरते विंड पार्क का उद्घाटन

नार्वे में नॉर्वेजियन क्राउन प्रिंस हाकोन और प्रधानमंत्री जोनास द्वारा नॉर्थ सी में दुनिया के सबसे बड़े तैरते विंड पार्क का उद्घाटन किया गया। हाइविंड टैम्पेन क्षेत्र 8.6 मेगावॉट तक उत्पादन करने वाले 11 टर्बाइनों से बना है, जो पांच पड़ोसी देशों को तेल और गैस प्लेटफार्मों को उनकी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 35 प्रतिशत प्रदान करेगा। ज्ञात रहे कि (ग्रीन एनर्जी) हरित ऊर्जा एक उभरती तकनीक है जिसे जीवाश्म ईंधन से हरित ऊर्जा में संक्रमण के लिए आशाजनक माना जाता है।

एक्स

बंद हो रहा ब्लॉक, म्यूट जारी

एक्स में एक और बदलाव करते हुए एलन मस्क ने घोषणा की है कि जल्द ही ब्लॉक करने वाला फीचर बंद हो जाएगा। यूजर अब ब्लॉक करने की जगह म्यूट कर पाएंगे। हालांकि डायरेक्ट मैसेजिंग के लिए ब्लॉक करने का फीचर जारी रहेगा। एलन मस्क ने एक सवाल के जवाब में कहा कि डायरेक्ट मैसेज को छोड़कर ब्लॉक फीचर को डिलीट किया जा रहा है।

हाइड्रोजन बस

लेह में शुरू होगी पहली बस

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की राजधानी लेह में हाइड्रोजन से चलने वाली पहली बस पहुंच गई है। देश में पहली बार हाइड्रोजन बस सेवा लेह से शुरू होगी। इसका ट्रॉयल रन किया गया। कोल्ड डेजर्ट ऑफ इंडिया यानी लद्दाख के बेहद ठंडे तापमान में चलने वाली इन बसों को खास डिजाइन किया गया है। 17 अगस्त 2023 को पहली बार लद्दाख में इस बस ने टेस्ट ड्राइव ली थी।

स्पॉटलेस जिराफ

अमेरिका में जन्मा

अमेरिका के टेनेसी राज्य में मौजूद एक जू में ऐसा मादा जिराफ जन्मा है जिसके शरीर पर कहीं कोई धारी नहीं है। इसे दुनिया का पहला 'स्पॉटलेस' जिराफ कहा जा रहा है। खास बात यह है कि इस जिराफ को जन्म देने वाली मां के शरीर पर आम जिराफ की तरह धारियां मौजूद हैं। इसका नाम रखने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। इसका जन्म 31 जुलाई को हुआ है।

सुल्तान अल-नियादी

यूएई के एस्ट्रोनॉट ने अंतरिक्ष में शहद-ब्रेड खाया

अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद यूएई के एस्ट्रोनॉट सुल्तान अल-नियादी ने एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उनको ब्रेड पर शहद लगाकर खाते देखा जा सकता है। यूएई से स्पेस में जाने वाले शुरुआती 2 एस्ट्रोनॉट में शुमार नियादी इस वक्त 6 महीने के स्पेस मिशन पर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हुए हैं। वीडियो में वो एक शहद की बोतल खोलकर उससे ब्रेड पर शहद लगाते दिख रहे हैं। इस दौरान वो बोतल को उल्टा करने की बजाय सीधा ही रखते हैं क्योंकि अंतरिक्ष में ग्रेविटी नहीं होती है।

फुकुशिमा एनसीपी

रेडियोधर्मी पानी समुद्र में छोड़ा

जापान के प्रधानमंत्री फुमियोकिशित ने कहा है कि रेडियोधर्मी पानी की अधिकता के चलते उसे प्रशांत महासागर में छोड़ना ही सही व्यवस्था है। उन्होंने जनता के विरोध को दरकिनार करते हुए कहा कि रेडियोधर्मी पानी की अधिकता से स्वास्थ्यगत समस्या पैदा होती हैं उन्होंने कहा कि मौसम की अनुकूलता के कारण यह निर्णय लिया गया है। ज्ञात रहे कि जापान ने फुकुशिमा संयंत्र को बंद करने के बाद बसंत के मौसम में स्टेशन से 0.6 मील दूर समुद्र में ट्रिटियम को छोड़कर सभी रेडियोन्यूक्लाइड से शुद्ध पानी का निर्वहन करने की योजना पर अब अमल किया है। जापान तकरीबन 13.4 लाख टन पानी प्रशांत महासागर में धीरे-धीरे छोड़ता जा रहा है।

हाइपरसोनिक एयर-लॉन्च रैपिड रिस्पांस वेपन

अमेरिकी वायुसेना ने किया सफल परीक्षण

अमेरिकी वायुसेना ने हाइपरसोनिक एयर-लॉन्च रैपिड रिस्पांस वेपन (एआरआरडब्ल्यू) का पहला परीक्षण किया। वायुसेना के प्रवक्ता के अनुसार यह परीक्षण दक्षिणी कैलिफोर्निया के तट पर किया गया। इस परीक्षण में एक पूर्व प्रोटोटाइप ऑपरेशनल हाइपरसोनिक मिसाइल लॉन्च की गई। मिसाइल के परीक्षण के बाद इनकी क्षमताओं के बारे में डेटा प्राप्त हुआ है। वायुसेना ने कहा कि इसका उद्देश्य अमेरिकी सुरक्षा से संबंधित कई बड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना है।

ट्रेन स्ट्रीट

पर्यटकों की बढ़ती संख्या से हो सकती है बंद

वियतनाम के हनोई शहर की प्रसिद्ध रेल लाइन 'ट्रेन स्ट्रीट' जल्द ही बंद होने जा रही है। वजह है पर्यटकों की जगह से ज्यादा मौजूद रहने वाली भीड़, जिससे अव्यवस्था लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले 5 साल से अधिकारियों को पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को संभालना मुश्किल होता जा रहा है। सब्जी मंडी और बाजार के बीच रेलवे ट्रैक है। दोनों तरफ कैफे और खाने पीने का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटक घंटों बैठे रहते हैं। जिसकी वजह से विश्व प्रसिद्ध 'ट्रेन स्ट्रीट' को बंद करने पर हनोई प्रशासन विचार कर रहा है।

मिकी मेंटल

बेसबॉल खिलाड़ी की जर्सी नीलामी का रिकॉर्ड

बेसबॉल खिलाड़ी मिकी मेंटल की जर्सी करीब 39 करोड़ रुपए में नीलाम हुई है। उन्होंने यह जर्सी 1958 में टीम के सीजन ओपनर और सीजन खत्म होने के बाद थांकी स्टेडियम में ऑल स्प्रोट्स प्रदर्शनी में पहनी थी। यह रकम उनकी नीलाम हुई पिछली जर्सी से दोगुनी कीमत में नीलाम हुई।

P-7 हैवी ड्रॉप सिस्टम

डीआरडीओ ने किया सफल परीक्षण

डीआरडीओ (डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन) द्वारा विकसित पी-7 हैवी ड्रॉप सिस्टम की मदद से अब युद्ध के मैदान में सात टन तक वजनी साजो सामान को पैराशूट के जरिए आसानी से पहुंचाया जा सकता है। वायुसेना ने हाल ही में डीआरडीओ की सहयोगी एकाई एरियल डिलिवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीआरडीई) द्वारा डिजाइन और विकसित हैवी ड्रॉप सिस्टम का सफल परीक्षण किया।

बर्नार्डो अरेवालो

ग्वाटेमाला के नए राष्ट्रपति होंगे

बर्नार्डो अरेवालो ग्वाटेमाला के नए राष्ट्रपति होंगे। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में 95 प्रतिशत मतों से जीत हासिल की है। उन्होंने पूर्व प्रथम महिला सांड्रा टोरेस को हराया है। प्रोग्रेसिव मुवीमेंटो सोमिला पार्टी के उम्मीदवार बर्नार्डो एक पूर्व डिप्लोमैट रहे हैं। लोकप्रिय बर्नार्डो के लिए ग्वाटेमाला के इलेक्टोरल ट्रिब्युनल अध्यक्ष इस्मा ने प्रेस कांफ्रेंस कर उनकी जीत की घोषणा की है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि बर्नार्डो एक बड़े अंतर से विजयी हुए हैं।

ऐश्वर्या भाटी

राष्ट्रमंडल समूह की सदस्य बनीं

भारत की अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी को राष्ट्रमंडल के वैश्विक परामर्श समूह का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह समूह अंतर्राष्ट्रीय निकाय है, जो लोकतंत्र, सुशासन, शांति और कानून को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है।

प्रज्ञान को

चंद्रमा पर मिले सल्फर के सबूत

चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर को पांचवें दिन चांद के दक्षिणी ध्रुव इलाके में गंधक (सल्फर) होने के सबूत मिले। रोवर ने ऑक्सीजन होने की पुष्टि भी की। प्रज्ञान ने उम्मीद के मुताबिक एल्युमीनियम, कैल्शियम, लौह, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैंगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन का भी पता लगाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुताबिक चांद की सतह पर मैंगनीज और सिलिकॉन भी मौजूद हैं, जबकि हाइड्रोजन की खोज जारी है। ये खोज प्रज्ञान रोवर पर लगे लिब्स पेलोड ने की है। इससे पहले 28 अगस्त को चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर में लगे चास्टे पेलोड ने चांद के तापमान से जुड़ा पहला ऑब्जर्वेशन भेजा था। इसके मुताबिक चांद की सतह और अलग-अलग गहराई पर तापमान में काफी अंतर है। इसरो के एक बयान में अब कहा गया कि रोवर पर लगे लेजर संचालित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआईबीएस) उपकरण ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सतह में गंधक होने की पुष्टि की है।

स्मृति शेष

भारतीय गणितज्ञ सीआर राव का निधन

भारतीय गणितज्ञ और सांख्यिकी प्रोफेसर कल्याम्पुडी राधाकृष्ण राव का 102 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें सीआर राव के नाम से जाना जाता था। राव को भारत सरकार ने 1968 में पद्मभूषण और 2001 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया था।

हिन्दी और मराठी रंगमंच की कलाकार सीमा देव का निधन

हिन्दी और मराठी सिनेमा की कलाकार अभिनेत्री सीमा देव का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह चरित्र अभिनेता रमेश देव की पत्नी थीं जिनका पिछले वर्ष निधन हो गया था। उन्होंने आनंद, भाभी की चूड़ियां, कोरा कागज सहित 80 से ज्यादा फिल्मों में काम कर अपना मुकाम हासिल किया था।

हिन्दी सिनेमा के वरिष्ठ गीतकार देव कोहली का निधन

हिन्दी सिनेमा के वरिष्ठ गीतकार देव कोहली का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने सुपर डुपर फिल्म मैंने प्यार किया के गाने लिखे थे। बाजीगर फिल्म का गीत 'ये काली काली आंखें' भी उन्होंने लिखा था। वे लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने 100 से ज्यादा फिल्मों में लिए 1969 से 2013 तक गाने लिखे थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-03
भोपाल-462003, Mobile No. : 9425601545
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com

क्र.-मप्पुआअविनि/784/पयं/भोपाल-03/तशा/2023 भोपाल, दिनांक : 28.08.2023

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत जिला सीहोर के कार्यालय होमगार्ड में प्रशासकीय भवन का निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-10/2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-302720) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 11.09.2023 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111683/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48994/2023

MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011
Telephone No: 0755- 4853297, 0755- 4853295
Email : einc-mpbdc@mp.gov.in, ajay.nagaria@mp.gov.in
NIT No. : 2433/GM/MPBDC/DPR&SQC/23/NIT-42 Bhopal, Dated : 31.08.2023

NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the following works in various Districts of Madhya Pradesh :-

1. **Architectural, Design & DPR Consultancy Services for Construction of 100 admission seats Medical College at various locations - 06 Works - 2568.00 Lakhs**
2. **SQC consultancy work of Seoni Division - 01 Work - 600.00 Lakhs**

From bidders registered in M.P. PWD Department under appropriate category. Detailed NIT and tender documents for S.No. 01 can be viewed and purchased online only from **05.09.2023 at 18:00 hrs. to 26.09.2023 at 15:30** and for S.No. 02 can be viewed and purchased online only from **01.09.2023 at 18:00 hrs. to 14.09.2023 at 15:30 hrs.** from website **www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/111748/2023 **MANAGING DIRECTOR**

R-49001/2023

MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011
Telephone No: 0755- 4853297, 0755- 4853295
Email : einc-mpbdc@mp.gov.in, ajay.nagaria@mp.gov.in
NIT No. : 2431/GM/MPBDC/CW/23/NIT-43 Bhopal, Dated : 31.08.2023

NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the following works in various Districts of Madhya Pradesh :-

1. Construction of Boundary wall in Medical College at various locations – 06 Works – 1585.04 Lakhs

From bidders registered in M.P. PWD Department under appropriate category. Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased online only from **05.09.2023 at 18:00 hrs. to 20.09.2023 at 15:30 hrs.** from website **www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/111749/2023 **MANAGING DIRECTOR**

R-49002/2023

कार्यालय रजिस्ट्रार मध्यप्रदेश स्टेट फार्मेसी कौंसिल

(जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर, 1250, टी.टी. नगर भोपाल)
(दूरभाष क्रमांक : 0755-2764481, 2574342)

सूचना

मध्यप्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय जिनके द्वारा फार्मेसी पाठ्यक्रम के डिग्री, डिप्लोमा, फार्म डी कोर्स संचालित किये जा रहे हैं , वे सभी विगत 5 वर्षों की सूची की सत्यापित कापी जिसमें फार्मेसी कोर्स उत्तीर्ण छात्रगण का नाम, पिता का नाम, रोल नंबर, परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष एवं सूची को सत्यापित करने वाले अधिकारी का नाम व ई-मेल पता अंकित हो कार्यालय के पते "रजिस्ट्रार म.प्र. स्टेट फार्मेसी कौंसिल जे.पी. हास्पिटल परिसर, तुलसी नगर भोपाल पिन नंबर-462003" पर एवं कार्यालय के ई-मेल आई.डी. **registrarmppc@mp.gov.in** पर **15 सितम्बर, 2023 तक** उपलब्ध करावें, ताकि कौंसिल रजिस्ट्रेशन संबंधी कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।

संजय कुमार जैन
अध्यक्ष
म.प्र. स्टेट फार्मेसी कौंसिल भोपाल

(शैलेन्द्र हनोतिया)
रा.प्र.से. (रजिस्ट्रार)
म.प्र. स्टेट फार्मेसी कौंसिल भोपाल

R-48998/2023 म.प्र. माध्यम/111721/2023

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक-1, भदभदा रोड, भोपाल
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com

क्र./830/तशा/प.यं./2023 दिनांक : 25.08.2023

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ परिसर, भोपाल के भू-तल, प्रथम तल व द्वितीय तल टॉयलेट रेनोवेशन एवं सीसीटीव्ही कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_302156_1 **दिनांक 05.09.2023 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक** खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111684/2023 **R-48995/2023** **परियोजना यंत्री**

SHRI SIDDHI VINAYAK COLLEGE

(Recognized By NCTE New Delhi, Approved by M.P. Govt. Higher Education & Affiliated to Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore M.P.)
Run by : Shri Kanha Shiksha Prachar Prasar Evam Samaj Kalyan Samiti

REQUIRED

Under University Code-28

	For - B.Ed. Course	
01	Principal/HOD	01 Post
	Assistant Professor	
02	Perspectives is Eudcation	04 Post
03	Pedagogy subjects (Maths, Science, So. Science, Language)	08 Post
04	Health And Physical Education	01 Post
05	Fine arts	01 Post
06	Performing arts (Music/Dance/Theatre)	01 Post

Qualification : As per NCTE Norms, Salary As per NCTE & UGC Norms Apply within 08 Days Form Today
College Address : Khasra No. 21, Survey No. 734/1/2, Mhow-Mandleshwar Road, Village-Kodriya, Tehsil Mhow Dist. Indore (M.P.) Pine Code - 453441
Email ID : shrisiddhivinayakcollege@gmail.com
Contact No. 9584763000 **R-48988/2023**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक-01, कार्यालय भवन, 1558 गोरखपुर थाने के पीछे, ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर (म.प्र.), पिनकोड-482002, फोन नं. : 0761-4927201
Email : mpphcjabalpur@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-01 के अंतर्गत जिला-जबलपुर में 6वीं वाहिनी विसबल रांझी, जबलपुर में मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना के अंतर्गत (32+96) बहुमंजिला आवास गृह के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-15 वर्ष 2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_303677_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 20.09.2023 तक खरीद कर सायं 17:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/111752/2023 **परियोजना यंत्री**

R-49003/2023

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल

कोलार रोड भोपाल-462016 (म.प्र.)
Tel. : 0755-2424660, 0755-2492093, 0755-2492096
website - http://mpbou.edu.in

क्र. 9128 **भोपाल, दिनांक 29.08.2023**

"अध्यापन कार्य हेतु आमंत्रण"

विश्वविद्यालय में विशेष शिक्षा में शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए शैक्षणिक कार्य हेतु अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक एवं अर्हताधारी उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 04.10.2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। **शैक्षणिक अर्हता** - भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार यथा: "1. Masters Degree in any discipline with not less than 50% of marks 2. M.Ed. Degree in specific disability area with not less than 55% of marks or an equivalent grade of B+ in 10- Point scale of UGC Or An equivalent degree from a foreign university recognized by RCI. 3. Valid registration with RCI u/s 19 of RCI Act, 1992 is essential.

Desirable : 1. M.Phil/Ph.D. in Special Education or Education with research emphasis on Special Education; 2. Experience for a period of at least 2 year as teacher or researcher in the area of specific disability.

रिक्तियों का विवरण-

पद	विशेषज्ञता	संख्या
अतिथि शिक्षक	Visual Impairment (VI)	03
	Hearing Impairment (HI)	03
	Intellectual Disability (ID)	03
	Learning Disability (LD)	03

पद संख्या (आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय है) एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमानुसार मानदेय प्रदान किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://mpbou.edu.in** का अवलोकन करें।

म.प्र. माध्यम/111763/2023 **R-49006/2023** **कुलसचिव**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011

DPR CONSULTANCY OF BRIDGES

(Short Time E-Procurement Notice)

No. 13698/22/D-12/Brg.DPR/2020-23 Bhopal, Dated : 28.08.2023

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR of rural roads/Bridge under PMGSY-III as per details given below :

- No. of Packages - 04
- Nodal PIU - Dhar-3, Balaghat-1, Mandsaur, Harda
- No. of Bridges - 23

Total Estimated Construction Cost (in Rs.) - Rs. 710040000.00

- Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/ Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in from 17:30 hrs on 31.08.2023.**
2. Last date of Submission of bid is **13.09.2023 upto 15.00 hrs.**

Other details & Conditions may be seen in the detailed NIT and Tender Document for preparation of DPR of Bridges under PMGSY January-2020 amended up to date on our Website **http://mptenders.gov.in.**

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/111703/2023 **R-48997/2023** **(TENDER)**

SHRI RABINDRANATH TAGORE INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES

(Recognized By NCTE New Delhi, Approved by M.P. Govt. Higher Education & Affiliated to Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore M.P.)
Run by : Anjuman Tarakki alpsankhyak Shiksha Prasar, samiti

REQUIRED

Under University Code-28

	For - B.Ed. Course	
01	Principal/HOD	01 Post
	Assistant Professor	
02	Perspectives is Eudcation	02 Post
03	Pedagogy subjects (Maths, Science, So. Science, Language)	02 Post
04	Health And Physical Education	01 Post
05	Fine arts	01 Post
06	Performing arts (Music/Dance/Theatre)	01 Post

Qualification : As per NCTE Norms, Salary As per NCTE & UGC Norms Apply within 08 Days Form Today
College Address : P.H.N. No. 02 Khasra No. 119/1 Vill Morghadi,Tehsil Punasa Dist. Khandwa (M.P.) Pin Code - 450554
Email ID : shriravindranathtagore@gmail.com
Contact No. 9584639000, 9826282312 **R-48990/2023**

NEW ERA COLLEGE

(Recognized By NCTE New Delhi, Approved by M.P. Govt. Higher Education & Affiliated to Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore M.P.)
Run by : Mhow Era Education Society

REQUIRED

Under University Code-28

	For - B.Ed. Course	
01	Principal/HOD	01 Post
	Assistant Professor	
02	Perspectives is Eudcation	04 Post
03	Pedagogy subjects (Maths, Science, So. Science, Language)	08 Post
04	Health And Physical Education	01 Post
05	Fine arts	01 Post
06	Performing arts (Music/Dance/Theatre)	01 Post

Qualification : As per NCTE Norms, Salary As per NCTE & UGC Norms Apply within 08 Days Form Today
College Address : Plot No. 733,734/2, Mhow Mandleshwar Road Village Kodriya Tehsil Mhow Dist. Indore (M.P.) Pin Code - 453441
Email ID : neweracollegemhow@gmail.com
Contact No. 7489922148 **R-48989/2023**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)

Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in, फोन नं. 0734-2527715, मो. 9406808103

क्र. 1134 /पय/मप्पुहाइडेकालि/23/उज्जैन दिनांक : 01.09.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 11/2023-24

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा **क्रमांक 11/2023-24 दिनांक 01.09.2023** के अंतर्गत 24 एन.जी.ओ. एवं 96 आरक्षक बहुमंजिला आवास गृहों का निर्माण कार्य, चिमनगंज, उज्जैन के निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2023_MPPHC_303484 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 01.09.2023 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111759/2023 **R-49004/2023** **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड

(मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग का उपक्रम)

5, अमरकंटक भवन, इन्दिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-11, फोन- 91755-2763060, 61, 62, ई-मेल : mpusipbpl@gmail.com

//प्रतिनियुक्ति/संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन//

क्र. MPUDC/PMU/2023/7466 दिनांक: 31.08.2023

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेण्ट कंपनी लिमिटेड के विभिन्न स्थानों पर गठित परियोजना प्रबंधन इकाई भोपाल एवं परियोजना क्रियान्वयन इकाइयों में रिक्त निम्न पदों पर प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	पदनाम	शहर का नाम जिसमें पद रिक्त है	समकक्ष पद जिससे प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं प्राप्त की जायेंगी	कुल रिक्त पदों की संख्या	अना-रक्षित	ओ बी सी	अ जा	अ ज जा	प्रतिनियुक्ति हेतु वेतनमान		संविदा हेतु एक मुश्त वेतन
									पे बैन्ड	ग्रेड पे	
1	उप परियोजना संचालक (तकनीकी)	पीएमयू भोपाल	मुख्य अभियंता	01	0	01	0	0	37400-67000	8700-8900	1,30,000/-
2	परियोजना प्रबंधक	पीआईयू मुरैना, ग्वालियर, भोपाल, छतरपुर, शहडोल	अधीक्षण यंत्री (सिविल)	05	0	03	0	02	15600-39100	7600	80,000/-
3	परियोजना अधिकारी	पीएमयू भोपाल	कार्यपालन यंत्री (सिविल)	02	0	01	0	01	15600-39100	6600-7600	67,000/-
4	उप परियोजना प्रबंधक	पीआईयू रीवा, सागर, इंदौर	कार्यपालन यंत्री (सिविल)	03	0	02	0	01	15600-39100	6600	67,000/-
5	सामुदायिक विकास अधिकारी/ जनसम्पर्क अधिकारी	पीआईयू शहडोल	सामुदायिक विकास अधिकारी/जनसम्पर्क अधिकारी	01	0	0	0	01	15600-39100	5400	56,000/-
6	सिविल अभियंता	पीएमयू भोपाल	सहायक यंत्री (सिविल)	03	0	0	01	02	15600-39100	5400-6600	56,000/-
7	प्रशासकीय सहायक	पीएमयू भोपाल	सहायक ग्रेड-2 या समकक्ष	02	0	1	0	1	5200-20200	2800-3600	29,000/-
8	एम.आई.एस. अधिकारी	पीएमयू भोपाल	बी.ई./बी.टेक इलेक्ट्रॉनिक एण्ड कम्यूनिकेशन/आई.टी./ कम्प्यूटर साईंस	01	01	0	0	0	15600-39100	5400	56,000/-
9	आई.टी.असिस्टेंट/ वर्ड प्रोसेसर	पीएमयू भोपाल	कम्प्युटर आपरेटर	04	0	01	01	02	5200-20200	2400-2800	24,000/-

नोट :- 1. उपरोक्त पदों की पूर्ति सर्वप्रथम प्रतिनियुक्ति से की जायेगी। प्रतिनियुक्ति से पद पूर्ति ना होने पर शेष बचे हुए पदों की पूर्ति संविदा नियुक्ति द्वारा की जायेगी, जिसमें म.प्र. शासन के आरक्षण नियम लागू होंगे एवं प्रत्येक वर्ग में म.प्र. शासन के आरक्षण नियमों के अनुसार समस्त एवं प्रभागवार आरक्षण के प्रावधान भी यथा स्थिति लागू होंगे। 2. आवश्यकतानुसार उपरोक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है। 3. प्रतिनियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदक अर्थात मध्यप्रदेश शासन के विभागों/निगम मंडलों अथवा अर्द्ध शासकीय संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी अपने आवेदन विभाग प्रमुख के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ विभागीय जांच/आपराधिक प्रकरण/आर्थिक अपराध प्रकरण/अन्य किसी प्रकार की जांच लंबित न होने के समस्त प्रमाण पत्रों सहित, निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रेषित कर सकेंगे। उपरोक्त प्रमाण-पत्रों के अभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। 4. प्रतिनियुक्ति द्वारा पद पूर्ति होने की स्थिति में सेवानिवृत्त होने पर परस्पर सहमति से संविदा पर आरक्षण रोस्टर के अनुसार सेवा वृद्धि की जा सकेगी, जो समेकित अधिकतम 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक होगी।

5. संविदा नियुक्ति की दशा में आवेदक की दिनांक 01.09.2023 को आयु 63 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। संविदा नियुक्ति के पश्चात् अधिकतम 65 वर्ष की आयु तक सेवाएं प्राप्त की जा सकेंगी। 6. आवेदन पत्र **दिनांक 30.09.2023 सायं 5.00 बजे तक** कम्पनी कार्यालय में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं जाति प्रवर्ग अंकित करें। 7. समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। 8. न्यूनतम अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र में योजना/परियोजना, किस पद पर एवं संपादित कार्यों का अनुभव आदि स्पष्ट विवरण होना चाहिए। 9. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी), द्वारा जारी होना चाहिए। 10. आवेदन का प्रारूप पदों के लिये न्यूनतम/वांछनीय, शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव संबंधी विस्तृत विवरण, कम्पनी एवं विभाग की वेबसाइट **www.mpudc.co.in** एवं **www.mpurban.gov.in** पर उपलब्ध है। 11. आवेदन के संबंध में प्रबंध संचालक का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

म.प्र. माध्यम/111769/2023 R-49007/2023 प्रबंध संचालक

गगन के हृदय का मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना में हुआ ऑपरेशन

बालाघाट. समय पर सहायता मिल जाए, तो वह वरदान से कम नहीं है। बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के ग्राम खांडाफरी के सात माह के मासूम गगन का हृदय में छेद की बीमारी का मुंबई में सफल ऑपरेशन यही प्रमाणित करता है। यह ऑपरेशन मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से मिली सहायता से हुआ है।

बालाघाट जिले में 30 अगस्त तक चलाये जा रहे दस्तक अभियान में लक्ष्मीचंद टिकेश्वर को सात माह के पुत्र गगन टिकेश्वर के दिल में छेद की बीमारी का पता लगा था। लक्ष्मीचंद हैदराबाद में मजदूरी का काम करते हैं। बीमारी का पता लगने के बाद उन्होंने अपने बच्चे को बालाघाट जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया। लक्ष्मीचंद ने हृदय रोग के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा की, जिन्होंने उन्हें मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना की जानकारी दी। प्रकरण तैयार कर ऑपरेशन के लिये मुंबई के नारायणा हृदयालय भेजा गया, जहाँ बच्चे का सफल ऑपरेशन हुआ। बच्चा अब स्वस्थ है। बच्चे के ऑपरेशन के लिये राज्य शासन की ओर से एक लाख 47 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई थी।

लक्ष्मीचंद ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को मासूम गगन के निशुल्क ऑपरेशन के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिले में दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम घर-घर जाकर 5 वर्ष उम्र तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही हैं।

सांची सोलर सिटी कम करेगी लगभग 1400 टन कार्बन उत्सर्जन

रायसेन, सम्राट अशोक द्वारा बनवाये गये प्रथम स्तूप से देश-विदेश में विख्यात भोपाल से 46 किलोमीटर दूर स्थित सांची शहर ने अब सौर ऊर्जा निर्माण में भी अपनी नई पहचान बनानी शुरू कर दी है। देश की पहली सोलर सिटी सांची में ग्रिड कनेक्टेड संयंत्र, रूफटॉप, सोलर घरेलू उपकरण, सौर संचालित सार्वजनिक सुविधाओं के संयंत्रों और ई-मोबिलिटी से सालाना 13 हजार 747 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी।

सांची में 8 मेगावॉट के ग्रिड कनेक्टेड संयंत्र स्थापित किये गये हैं। इनसे अनुमानित ऊर्जा उत्पादन 147.2 लाख यूनिट है। साल में इससे 6 करोड़ 3 लाख रुपये की बचत के साथ 12 हजार 656 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी। शहर के भवनों पर 235 किलोवॉट के रूफटॉप सिस्टम स्थापित किये गये हैं, जिनसे 5 लाख यूनिट से अधिक ऊर्जा उत्पादन होगा और सालाना 22 लाख 65 हजार रुपये और 438 टन कार्बन उत्सर्जन की बचत होगी। घरेलू उपकरण- सोलर स्टडी लैम्प, लालटेन, स्टैण्ड-लैम्प से 11 टन, ऊर्जा दक्ष उपकरण जैसे- एलईडी बल्ब, ट्यूबलाइट और बीएलडीसी सीलिंग फेन से 452 टन, सार्वजनिक सुविधाओं के लिये स्थापित किये गये 54.45 किलोवॉट के सौर संयंत्रों से 171 टन और ई-मोबिलिटी से 19 टन कार्बन की कमी होगी। यह कमी पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों के स्वास्थ्य के लिये भी हितकर होगी। इन सबसे लगभग 160 लाख यूनिट ऊर्जा के साथ 7 करोड़ 18 लाख रुपये की बचत होगी।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. इस वर्ष वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन किस देश में किया गया है?
(अ) चीन
(ब) द. कोरिया
(स) आर्मेनिया
(द) मैक्सिको

2. मर्डेका कप किस खेल से संबंधित एक वैश्विक प्रतियोगिता है?
(अ) हॉकी
(ब) बैडमिंटन
(स) मुक्केबाजी
(द) फुटबॉल

3. इंग्लैंड ने वर्ष 2019 में किस खिलाड़ी की कप्तानी में वन-डे वर्ल्डकप जीता था?
(अ) एंड्रयू स्ट्रॉस
(ब) जोस बटलर
(स) इयान मोर्गन
(द) जो रूट

4. पूर्व स्प्रिंट रनर यूसेन बोल्ट ने वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) 8 (ब) 9
(स) 10 (द) 11

5. वर्ष 2014 में किस देश ने फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप जीता है?
(अ) स्पेन (ब) अर्जेंटीना
(स) जर्मनी (द) क्रोएशिया

6. भारत सरकार द्वारा कोच या प्रशिक्षक को दिया जाने वाला पुरस्कार है?
(अ) अर्जुन पुरस्कार
(ब) द्रोणाचार्य पुरस्कार
(स) विक्रम पुरस्कार
(द) खेल रत्न पुरस्कार

7. इनमें से किस खेल की एक टीम में महिला और पुरुष दोनों खिलाड़ी होते हैं?
(अ) कॉर्फबॉल
(ब) आइस हॉकी
(स) बीच वॉलीबॉल
(द) इनमें से कोई नहीं

8. इनमें से किसे ओलिंपिक खेलों का जनक कहा जाता है?
(अ) थॉमस बाक
(ब) पियरे डि कोबर्टिन
(स) दिमित्रोस विकेलास
(द) इनमें से कोई नहीं

9. अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस कब मनाया जाता है?
(अ) 23 जून
(ब) 24 जुलाई
(स) 12 अगस्त
(द) 11 दिसम्बर

10. वीरेंद्र सहवाग के अलावा किस भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाया है?
(अ) वसीम जाफर
(ब) शुभमन गिल
(स) हनुमा विहारी
(द) करुण नायर

11. माइकल फेल्प्स किस खेल के वर्ल्ड चैम्पियन खिलाड़ी रह चुके हैं?
(अ) एथेलेटिक्स (ब) कुश्ती
(स) तैराकी (द) मुक्केबाजी

12. इनमें से किस क्लब ने सबसे ज्यादा बार इंग्लिश प्रीमियर लीग के खिताब जीते हैं?
(अ) लिवरपूल
(ब) मैनचेस्टर यूनाइटेड
(स) मैनचेस्टर सिटी
(द) आर्सेनल

13. महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने इनमें से कौन-सा टूर्नामेंट जीता है?
(अ) वन-डे वर्ल्डकप
(ब) टी-20 वर्ल्डकप
(स) चैम्पियंस ट्रॉफी
(द) उपरोक्त सभी

14. इनमें से किस देश ने इस वर्ष फीफा अंडर-20 वर्ल्डकप का खिताब जीता है?
(अ) पुर्तगाल (ब) ऊरूग्वे
(स) क्रोएशिया (द) इटली

15. वर्ष 2023 में किस देश ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का खिताब जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) भारत
(स) इंग्लैंड (द) श्रीलंका

16. इनमें से कौन-सा टूर्नामेंट फुटबॉल से संबंधित नहीं है?
(अ) मर्डेका कप (ब) सुब्रतो कप
(स) डेविस कप (द) यूरो कप

17. एफआईएच द्वारा जारी वर्ल्ड हॉकी रैंकिंग में कौन सा देश शीर्ष पर है?
(अ) भारत (ब) नीदरलैंड
(स) बेल्जियम (द) जर्मनी

18. किस टेनिस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा बार एटीपी मास्टर्स खिताब जीते हैं?
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) रॉय इमरसन
(स) रोजर फेडरर
(द) आंद्रे अगासी

19. वर्ष 2026 में यूथ ओलिंपिक खेल किस देश में आयोजित किए जायेंगे?
(अ) जापान (ब) मैक्सिको
(स) फिनलैंड (द) सेनेगल

20. टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) एरॉन फिंच
(ब) हजरतुल्ला जजई
(स) रोहित शर्मा
(द) क्रिस गेल

21. आईस हॉकी किस देश का राष्ट्रीय खेल है?
(अ) अमेरिका (ब) कनाडा
(स) डेनमार्क (द) रूस

22. वर्ष 2019 में किस देश ने एएफसी एशिया कप टूर्नामेंट जीता है?
(अ) जापान (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) ईरान (द) कतर

23. देवधर ट्रॉफी भारत में किस खेल से संबंधित एक प्रतियोगिता है?
(अ) क्रिकेट (ब) हॉकी
(स) फुटबॉल (द) गोल्फ

24. क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब किस शहर में स्थित है?
(अ) मेलबर्न (ब) दुबई
(स) मेनचेस्टर (द) लंदन

25. इस वर्ष आईसीसी वन-डे वर्ल्डकप में कितने देश हिस्सा लेंगे?
(अ) 8 (ब) 9
(स) 10 (द) 12

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (स), 4. (द), 5. (स), 6. (ब), 7. (अ), 8. (ब), 9. (अ), 10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (द), 14. (ब), 15. (अ), 16. (स), 17. (ब), 18. (अ), 19. (द), 20. (अ), 21. (ब), 22. (द), 23. (अ), 24. (द), 25. (स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना

प्रदेश के युवाओं के लिए नई आशा और उम्मीद की किरण

मध्यप्रदेश के युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की शुरुआत हुई। जनवरी 2022 से प्रारंभ इस योजना में अब तक प्रदेश के 46 हजार 300 से अधिक युवा स्व-रोज़गार से जुड़ चुके हैं। प्रदेश के इन युवा उद्यमियों को 2 हजार 397 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया जा चुका है। आजीविका, व्यक्ति की सबसे बड़ी चिंता है, इसलिए राज्य सरकार रोज़गार और स्व-रोज़गार के लिए समग्र रूप से प्रयासरत है। प्रदेश के हर युवा के चेहरे पर मुस्कान हो, वह आत्म-विश्वास से परिपूर्ण हो। युवा आत्म-निर्भर बनें इसी उद्देश्य के साथ मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना शुरू की गई जो आज युवाओं के सपनों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित हो रही है। खास बात यह है कि इस योजना ने इतने कम समय में युवाओं को जिस तरह से लाभ पहुंचाया है वह अपने आप में प्रशंसनीय है। यही नहीं इस योजना को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। खुद का स्व-रोज़गार स्थापित करने की इच्छा रखने वाले युवाओं के सपनों को इस योजना ने पंख लगा दिये हैं। योजना से मिलने वाले लाभ का ही परिणाम है कि अब प्रदेश के युवा नौकरी करने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने के भाव के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

युवाओं को सक्षम और मजबूत बनाना है

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का मानना है कि युवा कुछ बड़ा करने के लिए सपना देखते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए वे आर्थिक स्तर पर सक्षम नहीं होते। इसकी वजह से उनका सपना पूरा नहीं हो पाता। यही कारण है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की पहल पर मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना शुरू करने पर निर्णय लिया गया। इस योजना ने प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस योजना का उद्देश्य मध्यप्रदेश के बेरोजगार युवाओं को ऋण उपलब्ध करवाकर उन्हें सक्षम और मजबूत बनाना है।

राज्य सरकार की है प्राथमिकता

प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ना यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में युवाओं को मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट, व्यवसाय और सेवा क्षेत्र के लिए 50 हजार से 50 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। ऋण लेने वाले युवाओं को 3 प्रतिशत ब्याज की सब्सिडी दिये जाने का प्रावधान है। योजना में युवाओं को बैंक गारंटी नहीं देनी होती, युवाओं की गारंटी सरकार लेती है। जिन परिवारों की वार्षिक आय 12 लाख रुपए तक है, उन परिवारों के युवा इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

योजना का उद्देश्य

प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने के लिये उन्हें स्वयं का उद्योग (मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट, सर्विस, बिजनेस) स्थापित करने के लिये बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर और कोलेटरल फ्री लोन उपलब्ध करवाना है।

योजना का क्रियान्वयन

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों के माध्यम से इस योजना का क्रियान्वयन किया जाता है।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की पात्रता

- आवेदक मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी हो।
- आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो।
- शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8वीं पास हो।
- आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख या इससे कम हो।
- आवेदक ने दूसरे किसी संस्था से लोन नहीं लिया हो।
- आवेदक आयकरदाता है तो 3 साल का स्टेटमेंट आवेदन पत्र के साथ देना होगा।
- वर्तमान में राज्य अथवा केंद्र सरकार की किसी अन्य स्व-रोजगार योजना का हितग्राही न हो।
- किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था जैसे - माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशनंस (MFI), नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (NBFC), स्माल फाइनेंस बैंक (SFB), प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसायटी (PACS) आदि का डिफाल्टर ना हो।
- आवेदक सिर्फ एक बार ही इस योजना के लाभ के लिये पात्र होगा।

किस कार्य के लिये कितनी मदद

- मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट के लिये 50 हजार से 50 लाख रुपये तक मदद।
- सर्विस यूनिट या रिटेल ट्रेड से जुड़े कार्य के लिये 50 हजार से 25 लाख रुपये तक की मदद।
- तीन प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान का लाभ अधिकतम 7 वर्ष तक।

कहां करें आवेदन

- आवेदक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
- पात्रता का परीक्षण उपरांत सक्षम अधिकारी द्वारा आवेदन बैंक शाखा को प्रेषित किया जाता है।
- बैंक शाखा अधिकतम 6 सप्ताह में आवेदन पर निर्णय लेता है।
- आवेदन पर किसी भी तरह की असंतुष्टि होने पर बैंक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को सूचित करेगा। जिसके बाद सक्षम अधिकारी आवेदनकर्ता को बैंक की आपत्ति से जुड़ी जानकारी देंगे। त्रुटि सुधार के बाद पुनः आवेदन बैंक को भेजा जायेगा।
- एक बैंक द्वारा आवेदन अमान्य किये जाने पर आवेदक अन्य बैंक में आवेदन कर सकेगा।
- 10 लाख रुपये से कम बजट वाले प्रोजेक्ट के लिये सिम्पल प्रोजेक्ट रिपोर्ट और 10 लाख रुपये से अधिक की योजना के लिये डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट आवेदन के साथ संलग्न करना होगी।
- आवेदन एक वित्तीय वर्ष के लिये ही मान्य होगा।

आवश्यक दस्तावेज

- आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड
- निवास प्रमाण पत्र
- बैंक पास बुक
- पासपोर्ट साइज फोटो
- मोबाइल नंबर

योजना के क्रियान्वयन के लिये समीक्षा समिति का गठन

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिये समीक्षा समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष कलेक्टर, मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर निगम या उनके प्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंकों के जिला समन्वयक या प्रतिनिधि सदस्य होते हैं। वहीं, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सदस्य सचिव होते हैं।

इन कार्यों के लिये नहीं मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये कृषि आधारित गतिविधियां जैसे पशु पालन, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन आदि से जुड़े आवेदन स्वीकार नहीं किये जाते हैं।

- हितेश शर्मा

(लेखक - सम-सामयिकी विषयों पर लेखन करते हैं)

सफलता की कहानी

10 लाख रुपये का लोन लेकर इंदौर की रिया ढ़ल ने शुरू की फैशन डिजाइनिंग यूनिट

हर युवा का सपना होता है स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई के बाद वह किसी अच्छी कंपनी में नौकरी करे। अपने इस सपने को पूरा करने के लिये वह कड़ी मेहनत और कठिन परिश्रम भी करता है। अपने मेहनत के बल पर उसे सफलता तो मिलती है लेकिन मन में संतोष नहीं होने के कारण वह लगातार कुछ नया और क्रिएटिव करने के लिए प्रयास करता है। अपना काम शुरू करने का ऐसा ही सपना देखा था इंदौर की 29 वर्षीय रिया ढल ने। बचपन से ही कुछ क्रिएटिव करने का सपना संजोए रिया आज एक सफल फैशन डिजाइनर बन गई हैं। रिया की बनाई गई ड्रेस इंदौर ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न शहरों में होने वाले फैशन शो में शोकेस हो रही हैं। रिया की इस सफलता पर हमने उनसे बात की और जाना कि आखिर ऐसा क्या था कि उन्होंने नौकरी छोड़ फैशन डिजाइनिंग को अपने कैरियर के रूप में चुना।

फैशन डिजाइनिंग को बनाया करियर ऑप्शन

रिया कहती हैं कि बचपन से मुझे कुछ क्रिएटिव करने का शौक था। मुझे यह नहीं पता था कि क्रिएटिविटी का मेरा यह शौक एक दिन मेरा कैरियर बन जायेगा। मैं मूलतः जबलपुर की रहने वाली हूं और स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद जबलपुर में कुछ खास स्कोप नहीं दिखने पर इंदौर शिफ्ट हो गई। इंदौर में मैंने एक प्राइवेट कॉलेज से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया। फैशन इंडस्ट्री मुझे बहुत ज्यादा पसंद है इसीलिए बारहवीं के बाद मैंने फैशन डिजाइनिंग को ही करियर ऑप्शन के रूप में चुना। कॉलेज की पढ़ाई के बाद मैं इंटर्नशिप करने दिल्ली गई जहां इंटर्नशिप पूरी होते ही मुझे एक अच्छी कंपनी में नौकरी मिल गई। मैं अपनी नौकरी और सैलरी पैकेज से भी खुश थी। लेकिन मुझे सेटिस्फैक्शन नहीं मिल रहा था। यही कारण है कि नौकरी छोड़ मैंने अपना खुद का फैशन स्टूडियो शुरू करने का प्लान किया।

फैशन डिजाइनिंग में करना है प्रमोट

मैं नौकरी छोड़कर जब वापस इंदौर आई तो मेरे पास फैशन स्टूडियो शुरू करने का कोई प्लान नहीं था। कुछ दिन इस पर काम करने के बाद मैंने अपना एक स्टूडियो शुरू किया। धीरे-धीरे काम भी मिलने लगा। लेकिन मुझे अपना काम बढ़ाना था जिसके लिए बड़े फंड की आवश्यकता थी। क्योंकि फंड की कमी के कारण मैं न तो मैन पावर हायर कर पा रही थी और न ही लेटेस्ट मशीन खरीद पा रही थी। तभी मुझे मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के बारे में मालूम हुआ। मैंने इसके बारे में विस्तार से जाना और लोन के लिए आवेदन किया। मुझे कुछ ही दिनों में 10 लाख रुपये का लोन मिला। लोन मिलते ही मैंने अपना स्टूडियो रिनोवेट किया, लेटेस्ट मशीनें खरीदी, ट्रेंड मैन पॉवर हायर किया। अब मेरे पास काम भी बढ़ गया है और मैंने 10 से 15 लोगों को रोजगार भी दिया। पहले जहां मेरा टर्न ओवर 10 से 15 लाख रुपये था अब 25 से 30 लाख रुपये का हो गया है। मेरी इच्छा है कि मैं इंटरनेशनल लेवल की फैशन डिजाइनिंग के शोज में अपना काम भेजूं जिससे मध्यप्रदेश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट हो।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से 18 लाख का ऋण लेकर स्व-रोज़गार से जुड़े देवेन्द्र

अगर हमें स्वस्थ और बेहतर जीवन शैली को अपनाना है तो उसके लिए जरूरी है पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन। हम पर्यावरण को जितना दूषित होने से बचायेंगे उसका लाभ हमें और हमारी आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐसा ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है खरगौन जिले के गोपालपुरा निवासी देवेन्द्र ठाकोर ने। मूलरूप से मुंबई की एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाले देवेन्द्र ने जब अपने शहर में पॉलिथिन के निरंतर बढ़ते उपयोग और उससे होने वाले नुकसान को देखा तो उन्होंने पॉलिथिन के उपयोग को कम करके पर्यावरण को दूषित होने से बचाने की दिशा में काम करने का निर्णय लिया। अपने इस इरादे पर मिलने वाली सफलता के लिये देवेन्द्र को काफी संघर्ष करना पड़ा, उन्होंने हार नहीं मानी और अंततः पर्यावरण को बचाने की उनकी जिद् पर उन्होंने कामयाबी हासिल की। पढ़िए देवेन्द्र ठाकोर द्वारा लाये इस बदलाव की कहानी उन्हीं की जुबानी -

हम जब देवेन्द्र के पास पहुंचे और उनसे बात की तो पर्यावरण सुरक्षा के लिये वे जो कार्य कर रहे हैं उसको लेकर वे काफी खुश हैं। देवेन्द्र ने बताया कि मैं एक सामान्य परिवार से हूं। घर की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी इसलिए मेरे ऊपर जल्दी नौकरी करने का दबाव था। स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुझे मुंबई की एक मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब मिली। सैलरी पैकेज भी 30 लाख रुपये था। मैं अपने काम और सैलरी से बहुत खुश था काम भी अच्छा चल रहा था, लेकिन फिर भी मन में असंतोष का भाव था। यह असंतोष अपने गांव और शहर के लिए कुछ न कर पाने के लिए था। तभी मैंने निर्णय लिया कि मैं अपने गांव और शहर के लिए कुछ करूंगा जिससे वहां के युवाओं को रोजगार मिले और उन्हें मेरी तरह घर से दूर नौकरी करने न जाना पड़े।

कुछ काम करूंगा यह तो सोच लिया था लेकिन

यह समझ नहीं आ रहा था कि क्या करूं। तभी मैंने एक रिपोर्ट पढ़ी जिसमें लिखा था कि देश में पॉलिथिन के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। पशुओं को भी पॉलिथिन से परेशानी हो रही है। तभी मेरे मन में ख्याल आया कि क्यों न पॉलिथिन का सब्सीट्यूट तैयार किया जाये जिससे पर्यावरण और पशुओं को भी नुकसान से बचाया जा सकेगा और मेरा अपना काम शुरू करने का सपना पूरा हो जायेगा। मैंने इस काम के बारे में जानकारी जुटाई। अब मेरे पास बड़ी चुनौती थी कि यूनिट शुरू करने के लिए फंड की व्यवस्था कैसे हो। तभी मुझे मालूम चला कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से अपना काम शुरू करने के लिए सरकार से मदद मिलती है। मैंने जिला उद्योग केंद्र में लोन के लिए आवेदन किया। आवेदन के कुछ दिन बाद मुझे 18 लाख 33 हजार रुपये का लोन मिला। पैसा आते ही मैंने यूनिट लगाने के लिए जगह देखी और वहां मशीन लगाई। वर्ष 2017 से अब तक मैंने 80 लाख शॉपिंग बैग तैयार कर लिये। यही नहीं 4 लाख स्ट्रेचिंग कपड़े के झोले भी तैयार किये। इस तरह से मैंने 84 लाख पॉलिथिन को गांव और शहर से बाहर कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम बढ़ाया। मुझे इस बात की संतुष्टि है कि आज मैं चार से पांच युवाओं को रोजगार दे रहा हूं। मेरे कारखाने में तैयार होने वाले बैग खंडवा, बड़वानी, बड़नगर, इटारसी, महाराष्ट्र आदि शहरों में बिक रहे हैं।

जॉब अलर्ट

पश्चिम बंगाल पीएससी

पद का नाम - सब इंस्पेक्टर
पदों की संख्या - 480
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 20 सितम्बर, 2023
www.wbpsc.gov.in

एचपीसीएल

पद का नाम - मैकेनिकल इंजीनियर
पदों की संख्या - 276
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 18 सितंबर, 2023
www.hindustanpetroleum.com

आरपीएससी

पद का नाम - असिस्टेंट इंजीनियर
पदों की संख्या - 12
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 22 सितंबर, 2023
www.rpsc.rajasthan.gov.in

एडमिशन अलर्ट

जैम (JAM) 2024

पाठ्यक्रम का नाम - स्नातकोत्तर उपाधि हेतु प्रवेश परीक्षा। इस बार परीक्षा का आयोजन करने वाला संस्थान आईआईटी मद्रास है। जैम स्कोर के माध्यम से, छात्रों को MSc, MSc (Tech), MSc-MTech Dual Degree, MS (Research), Joint MSc - PhD and MSc - PhD डुअल डिग्री प्रोग्राम्स में एडमिशन मिलेगा। अंकों के आधार पर आईआईटी, भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), आईआईईएसटी शिबपुर (IIEST Shibpur), संत लोंगोवाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (SLIET) जैसे संस्थानों में उम्मीदवारों को एडमिशन मिलेगा।
योग्यता - जिन उम्मीदवारों ने प्रेजुएशन की डिग्री पूरी कर ली है या फिलहाल प्रेजुएशन के फाइनल ईयर में पढ़ रहे हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, भारतीय डिग्री वाले विदेशी नागरिक भी आवेदन कर सकते हैं।
अंतिम तिथि - 13 अक्टूबर, 2023
https://jam.iitm.ac.in/ApplicationProcess.php

अभियांत्रिकी स्नातक अभिक्षमता परीक्षा, (GATE) 2024

पाठ्यक्रम का नाम - आर्काइव्स एंड रिकॉर्ड मैनेजमेंट की डिप्लोमा
योग्यता - किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ एमए (आधुनिक भारतीय इतिहास वैकल्पिक विषय के रूप में हो) अथवा सोशल साइंस की अन्य स्ट्रीम जैसे कि एंथ्रोपोलॉजी, इकोनॉमिक्स, पॉलिटिकल साइंस, सोशलॉजी, लिंग्विस्टिक इत्यादि में मास्टर डिग्री धारक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ एप्लाइड साइंस/फिजिकल साइंस में एमएससी डिग्री धारक भी आवेदन के लिए पात्र हैं।
अंतिम तिथि - 29 सितंबर, 2023
https://gate2024.iisc.ac.in/

स्कॉलरशिप/इंटर्नशिप/ पुरस्कार अलर्ट

आपदा तैयारी आपदा लचीलापन और प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता

संस्था का नाम - राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार
किसके लिए - सभी नागरिकों के लिए!
प्रतियोगिता का विषय - पोस्टर प्रतियोगिता के विषय इस प्रकार हैं- बाढ़ के प्रति जागरूकता, भूकंप सुरक्षा उपाय, जानवरों को बिजली गिरने से सुरक्षित रखने के लिए आश्रय, बिजली गिरने के दौरान जानवरों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें?, बिजली गिरने की प्रारंभिक चेतावनी और कदम, बिजली गिरने से सुरक्षित स्कूल और घर, बिजली गिरने से सुरक्षित किसान, बिजली गिरने से सुरक्षित रहने के लिए क्या करें और क्या न करें।
अंतिम तिथि - 19 सितंबर, 2023
https://xn--11b3cgab9b4bm5d.xn--h2brj9c/hi/task/artful-preparations-poster-competition-promoting-disaster-preparedness-disaster-resilience-and/

जिंगल लेखन प्रतियोगिता

संस्था का नाम - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन यानी नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (NOTTO) माईगव प्लेटफार्म के सहयोग से अंग दान पर "जीवन को चलते रहने दें, किसे के लिए एक नई शुरुआत बनें - जिंगल लेखन प्रतियोगिता"का आयोजन कर रहा है।
किसके लिए - सभी नागरिकों के लिए!
अंतिम तिथि - 19 सितंबर, 2023
https://xn--11b3cgab9b4bm5d.xn--h2brj9c/hi/task/let-life-continue-jingle-writing-contest/

राष्ट्रीय धनवंतरि आयुर्वेद पुरस्कार-2023

संस्था का नाम - आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
किसके लिए - ये पुरस्कार वैद्य और आयुर्वेद विशेषज्ञ को प्रदान किए जाते हैं।
योग्यता - आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान किया हो। कम से कम 20 साल का प्रोफेशनल अनुभव हो। आयु 40 वर्ष से कम न हो। इस पुरस्कार से संबंधित पात्रता मानदंड और अन्य निबंधन एवं शर्तों के बारे में दिशा-निर्देश वेबसाइट लिंक पर उपलब्ध हैं।
अंतिम तिथि - 15 सितंबर, 2023
https://awards.gov.in/

सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2023

संस्था का नाम - भारत सरकार
किसके लिए - भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को मान्यता देने तथा उन्हें सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार नामक एक वार्षिक पुरस्कार की स्थापना की है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है।
योग्यता - इस पुरस्कार से संबंधित पात्रता मानदंड और अन्य निबंधन एवं शर्तों के बारे में दिशा-निर्देश वेबसाइट लिंक पर उपलब्ध हैं।
अंतिम तिथि - 30 सितंबर, 2023
https://ndma.gov.in/subhas-chandra-bose-aapda-prabandhan-puraskar
https://awards.gov.in/Home/AwardLibrary

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस - 8 सितम्बर

शिक्षा के महत्व का भाष्य साक्षरता से ही सम्भव है

विश्व में शिक्षा के महत्व को स्थापित करने और निरक्षरता को समाप्त करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र के अनुसांगिक संगठन संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक एवम् सांस्कृतिक परिषद (यूनेस्को) ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन आरम्भ किया था। विद्वतजन का मानना है कि शिक्षा के महत्व के भाष्य साक्षरता से ही सम्भव है। यूनेस्को ने वर्ष 1965 में सत्रह नवम्बर को यह निर्णय लिया था कि प्रतिवर्ष 8 सितंबर को विश्व में साक्षरता के प्रसार के लिए - "अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस" मनाया जाए। वस्तुत: शिक्षा के महत्व को दर्शाना, शिक्षा के महत्व की पुनर्स्थापना करना और निरक्षरता को जड़ से मिटाना ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का प्राथमिक लक्ष्य है। पहला अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस वर्ष 1966 में आठ सितम्बर को मनाया गया था और तब से लेकर आज तक पूरे विश्व में आठ सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। विश्व में साक्षरता दिवस को भिन्न-भिन्न रूप में मनाया जाता है। कहीं पर समारोह का आयोजन कर साक्षरता के महत्व पर व्याख्यान दिये जाते हैं, तो कहीं गरीब बस्तियों में जाकर शिक्षा का अलख जगाने का प्रयास किया जाता है। कहीं केवल साक्षरता और निरक्षरता के आंकड़ों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाता है। इन दिनों तो सोशल मीडिया, साक्षरता दिवस से जुड़े आलेख और जानकारियों से भरा होता है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस, शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और लोगों का ध्यान शिक्षा की तरफ आकर्षित करने के साथ ही उन्हें शिक्षा के सही संस्कार देने के अभिप्राय से भी मनाया जाता है। शिक्षण की जिम्मेदारी भिन्न रहे शिक्षण संस्थानों और कोचिंग इंस्टीट्यूट्स से भी इस दिन यह अपेक्षा की जाती है कि वो शिक्षा को मात्र मुनाफा कमाने का साधन न मानकर सही, उपयोगी और योग्य संस्कारों वाले समाज का निर्माण करने में अहम् भूमिका निभाने वाली शिक्षा का वास्तविक प्रसार करें।

साक्षरता के मूल अभिप्राय को समझना बेहद जरूरी है

साक्षरता का सामान्य अर्थ यह होता है कि वह व्यक्ति साक्षर कहा जाता है जो पढ़ने और लिखने की क्षमता से सम्पन्न हो। अलग-अलग देशों में साक्षरता के अलग-अलग मानक हैं। भारत में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अनुसार अगर कोई व्यक्ति अपना नाम लिखने और पढ़ने की योग्यता हासिल कर लेता है तो उसे साक्षर माना जाता है। एक भाष्य के अनुसार उन लोगों को भी कार्यकारी शिक्षित गिना जाता है जो अपने हस्ताक्षर कर सकते हैं तथा पैसे का हिसाब किताब करना जानते हैं अथवा समझ सकते हैं अथवा दोनों विधा में सक्षम हैं (यहां इसे वित्तीय साक्षरता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए)। विश्व में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं। विश्व शैक्षिक निगरानी रिपोर्ट के अनुसार विश्व में सत्तर करोड़ पचास लाख वयस्क अनपढ़ हैं। हर पांच में से एक पुरुष निरक्षर है। इतना ही नहीं विश्व की सकल आबादी की दो-तिहाई महिलाएं भी निरक्षर हैं। पूरी दुनिया में बहुत से बच्चे आज भी स्कूल नहीं जा रहे हैं या तो उनके पास स्कूल नहीं है या माता-पिता बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। कई बच्चे छोटी उम्र से पैसा कमाने में लग जाते हैं। इस दिवस का लक्ष्य साक्षरता के मूल अभिप्राय को समझकर हर बच्चे को पढ़ने के लिए स्कूल भेजना भी है और अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का लक्ष्य विश्व में सभी अशिक्षितों को शिक्षित करना है। बच्चे, वयस्क, महिलाओं और बूढ़ों को साक्षर बनाना, उनको अपने अधिकारों के बारे में जानकारी देना और उन्हें



अपने कर्तव्य की समझ से वाकिफ करवाना भी है। साक्षरता जीवन जीने की सही कला से साक्षात्कार भी करवाती है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद वयस्क अपने बच्चों को पढ़ा सकते हैं, बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दे सकते हैं, बच्चे साक्षर होकर गरीबी को मिटा सकते हैं और बाल मृत्यु दर को भी, साक्षरता के माध्यम से वयस्कों को स्वास्थ्य शिक्षा देकर, कम किया जा सकता है। अपराध और भ्रष्टाचार भी साक्षरता के प्रसार से कम हो सकते हैं। इतना ही नहीं पूरे विश्व में खुशहाली आये यह सब भी साक्षरता से ही सम्भव है।

साक्षरता में भारत अभी भी वैश्विक औसत से पीछे है

किसी देश अथवा राज्य की साक्षरता दर वहाँ के कुल लोगों की जनसंख्या व पढ़े लिखे लोगों के अनुपात से तय होती है। आमतौर पर साक्षरता दर प्रतिशत में दर्शाई जाती है। परन्तु कभी-कभी इसे प्रति-कोटि अर्थात् प्रति हजार के मान से भी दिखाया जाता है। आजादी के समय भारत की साक्षरता दर मात्र बारह प्रतिशत थी जो अब बढ़ कर लगभग सतहत्तर दशमलव सात प्रतिशत हो गई है। परन्तु अभी भी भारत सामान्य वैश्विक साक्षरता दर नवासी प्रतिशत से पीछे है बल्कि यह भी कहा जाता है कि भारत में संसार की सबसे अधिक अनपढ़ जनसंख्या निवास करती है। इस समय भारत में पुरुष साक्षरता दर बयासी प्रतिशत और महिला साक्षरता दर सत्तर प्रतिशत है इस प्रकार पुरुष और महिला साक्षरता के बीच का अंतर बारह प्रतिशत है। राज्यों के मान से सर्वाधिक साक्षरता दर लियानवे प्रतिशत केरल में और सबसे कम साक्षरता दर छियासठ प्रतिशत आंध्रप्रदेश में है। केन्द्र शासित क्षेत्र के मान से सर्वाधिक साक्षरता दर चौरानवे प्रतिशत लक्षद्वीप में है। जब से भारत ने शिक्षा का अधिकार लागू किया है, तब से भारत की साक्षरता दर बहुत तेजी से बढ़ी है। केरल, हिमाचल, मिजोरम, तमिलनाडु एवं राजस्थान में हुए व्यापक बदलावों ने इन राज्यों की कायापलट कर दी है एवम् लगभग सभी बच्चों को अब वहां शिक्षा प्रदान की जाती है। बिहार में शिक्षा सबसे बड़ी समस्या है जिससे सरकार सतत जूझ रही है। वहां गरीबी की दर इतनी है कि लोग जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं जैसे रोटी, कपड़ा और मकान का भी जुगाड़ नहीं कर पाते हैं। वे किताबों का खर्च नहीं उठा पाते हैं। उस स्थिति से बाहर आने के लिये राज्य सरकार अथक प्रयास कर रही है।

बदले हालात में बदली रणनीति वेबीनार से होगा साक्षरता का प्रसार

कोरोना महामारी के दौरान, शुरुआत में कई देशों में वयस्क साक्षरता या प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों की कोई तैयारी नहीं थी। इसलिए या तो उस समय साक्षरता अभियान चलाए ही नहीं गए या उन्हें स्थगित कर दिया गया। फिलहाल, टीवी, रेडियो और इंटरनेट के जरिए शिक्षा और साक्षरता के प्रसार के काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। दो साल पहले भी इस दिन संयुक्त शिक्षा व साक्षरता के मुद्दे पर कई ऑनलाइन वेबीनार हुए अब बदले हालात में एचयुअल स्थान पर चर्चुअल कार्यक्रम हो रहे हैं और नई रणनीति बनाकर वेबीनार से साक्षरता का प्रसार हो रहा है। कोरोना महामारी के दौर में स्वास्थ्य शिक्षा में महामारी से बचाव के अनुशासन को भी शामिल किया गया। कोरोना से लड़ाई में यह साक्षरता बड़ी काम आई। सैनेटाईजेशन, मास्क के उपयोग और दो गज की दूरी का अनुशासन कोरोना के खिलाफ रणनीति बनाने में सबसे सार्थक पहल रही। इस महामारी ने स्वास्थ्य शिक्षा के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी साक्षरता अभियान का एक हिस्सा माना गया। कोरोना संक्रमण काल में साक्षरता पर सबसे अधिक जोर दिए जाने की रणनीति बनाने में भारत अग्रणि रहा और उसका लाभ भी इस भयावह महामारी काल में मिला।

नागरिक भी साक्षरता प्रसार में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं

आम नागरिक भी साक्षरता के प्रसार में महती भूमिका निभा सकते हैं। एक आम नागरिक के लिए यह जरूरी नहीं है, कि वह साक्षरता दिवस पर एक बड़ा काम या व्यापक अभियान का संचालन करे। वह साक्षरता के बड़े काम की शुरुआत कुछ छोटे-छोटे कामों से भी कर सकता है। यह छोटे-छोटे काम यज्ञ की छोटी-छोटी आहुतियों के सादृश्य होते हैं। आहुतियां छोटी ही होती हैं, लेकिन यज्ञ का महत्व और उद्देश्य बड़ा होता है। ठीक वैसे ही हमारी छोटी-छोटी कोशिश भी कई बार बड़ा आकार लेने में सक्षम होती हैं। ध्यान दें कि -अगर आप घर पर किसी गरीब बच्चे को न पढ़ा पाएं, तो अपने क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर कोई छोटा सा समूह बनाकर, उसके स्कूल जाने की व्यवस्था तो जरूर कर सकते हैं, आप कुछ वक्त निकालकर, उन पिछड़े क्षेत्रों व लोगों के बीच शिक्षा के महत्व को साझा कर सकते हैं, जहां शिक्षा से जरूरी मजदूरी और ज्ञान से जरूरी भोजन होता है, आप ज्ञान के प्रकाश से वंचित तबके को इस बात की अनुभूति करवा सकते हैं, कि शिक्षा प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती और आप सरकार की शिक्षा सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी तो बांट ही सकते हैं, जो आपके छोटे से प्रयास से अन्धकारमय जीवन में एक नया दीपक जला सकती है, क्योंकि शिक्षा, रोजगार या पैसे से ज्यादा खुद के विकास के लिए भी जरूरी है। स्वामी विवेकानन्द मानते थे संकल्प में विपुल शक्ति होती है। संकल्प चाहे छोटा हो या बड़ा उसका प्रतिफल हमेशा बड़ा होता है। यदि देश के नागरिक साक्षरता के लिए छोटा-सा भी संकल्प लेंगे तो वह साक्षरता के प्रसार में एक बड़ा काम होगा।

जोश और उल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए यह दिवस

साक्षरता के वैश्विक महत्व और उसकी शाश्वत मूल्यगत अवधारणा के परिप्रेक्ष्य मे हम सभी को "अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस" पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाना चाहिये। शिक्षा के बिना कोई देश तरक्की नहीं कर सकता है। शिक्षा हमारे भीतर और देश एवम् समाज में फैले अशिक्षा के अन्धकार को दूर करती है। इसलिए सभी देशों को इस अंतर्राष्ट्रीय पर्व को निश्चित तौर पर मनाना चाहिये। भारत के लिए इस दिवस का महत्व और भी अधिक है क्योंकि यहां अनेक बच्चे और वयस्क अनपढ़ हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अकादमिक और तथ्यपूर्ण लेखन करने वाले विश्वस्तरीय लेखकों मारगेट एटवुड, पॉलो कोहेलहो, फिलीप डेलर्म, पॉल ऑस्टर, फिलीप क्लॉडेल, फैटेउ डियोम जैसे लेखकों ने विश्व में साक्षरता बढ़ाने के लिए अनेक लेख और किताबें लिखी हैं।

- राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

खेल चर्चा

बीसीसीआई का टाइटल स्पॉन्सर बना आईडीएफसी बैंक

मुंबई, भारत के घरेलू अंतर्राष्ट्रीय मैचों के टाइटल अधिकार प्राइवेट सेक्टर की बैंक आईडीएफसी ने हासिल किया है। इस अनुबंध के तहत आईडीएफसी बैंक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को 4.2 करोड़ रुपये प्रति मैच देगा। इससे पहले टाइटल अधिकार मास्टरकार्ड के पास थे। बीसीसीआई को मास्टरकार्ड से प्रति मैच 3.8 करोड़ रुपये मिलते थे। यह अनुबंध विश्वकप से पहले सितंबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जानी वाली वन-डे सीरीज से लागू होगा। बीसीसीआई ने कहा कि यह अनुबंध भारत में खेले जाने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय घरेलू और जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट पर लागू होगा।

आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स

भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीता स्वर्ण

बर्मिंघम, भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स में इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने आईबीएसए गेम्स में क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराकर स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय महिला टीम ने पहली बार इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता है। फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलियाई महिला ब्लाइंड टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 114 रन बनाये। इसके बाद वर्षाबाधित इस मैच में भारतीय टीम ने 3.3 ओवर में एक विकेट खोकर 43 रन बनाये और डकवर्थ लुईस नियम के तहत जीत लिया। प्रतियोगिता में भारत की पुरुष ब्लाइंड टीम ने रजत पदक जीता। पुरुष टीम को फाइनल में पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 184 रन बनाये। पाकिस्तान की टीम ने यह लक्ष्य 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

नीरज चोपड़ा ने भालाफेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

बुडापेस्ट, भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर भालाफेंक खेल में इतिहास रच दिया है। नीरज ने हंगरी में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। नीरज विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले नीरज और अंजू बॉबी जॉर्ज इस चैम्पियनशिप में रजत पदक जीत चुके हैं।

नीरज ने चैम्पियनशिप की भालाफेंक स्पर्धा के फाइनल में अपने दूसरे प्रयास में 88.17 मीटर की दूरी तय की, जो उन्हें स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। स्पर्धा में नीरज का पहला प्रयास फाउल रहा, जबकि तीसरे प्रयास में उन्होंने 86.32 मीटर, चौथे प्रयास में 84.64 मीटर, पांचवें प्रयास में 87.73 मीटर और छठवें प्रयास में 83.96 मीटर का थ्रो किया। नीरज को स्पर्धा में पाकिस्तान के एथलीट अरशद नदीम से कड़ी चुनौती मिली। नदीम ने 87.82 मीटर के साथ रजत पदक जीता वहीं जैकब वादलेज्च ने कास्य पदक जीता।



- **चैम्पियनशिप का आयोजन 19 से 27 अगस्त तक बुडापेस्ट में हुआ।**
- **इस चैम्पियनशिप में कुल 213 देशों के एथलीटों ने हिस्सा लिया, इनमें से 46 देशों के एथलीट ही पदक जीतने में सफल रहे।**
- **पदक तालिका में भारत एक स्वर्ण पदक के साथ संयुक्त रूप से 18वें स्थान पर रहा।**
- **नीरज ने इससे पहले वर्ष 2021 में भालाफेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता है।**

ओलिंपिक का मिला टिकट

नीरज चोपड़ा ने विश्व चैम्पियनशिप के दौरान वर्ष 2024 में पेरिस में खेले जाने वाले ओलिंपिक खेलों का टिकट हासिल कर लिया है। नीरज ने क्वालिफाइंग राउंड में पहले प्रयास में 88.77 मीटर का थ्रो किया, जो कि ओलिंपिक के लिए क्वालिफाइंग मार्क 85.50 मीटर से ज्यादा रहा। पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाइ करने की विंडो जुलाई 2023 से खुली हुई है।

विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप

एच.एस. प्रणय ने जीता कांस्य पदक

कोपेनहेगन, भारत के अनुभवी शटलर एच.एस. प्रणय ने डेनमार्क में आयोजित विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रणय को थाईलैंड के कुन्लावुत वितिदसर्न के हाथों 21-18, 13-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले प्रणय ने क्वार्टरफाइनल में विश्व के नंबर वन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन को हराकर बड़ा उलटफेर किया। सेमीफाइनल में प्रणय ने शुरुआत में शानदार खेल दिखाया और पहला गेम 21-18 से जीता। दूसरे गेम में वितिदसर्न ने पलटवार किया और 21-13 से गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। मैच के निर्णायक गेम में वितिदसर्न एक बार फिर प्रणय पर भारी पड़े। वितिदसर्न ने तीसरा गेम 21-14 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

वितिदसर्न बने चैम्पियन

विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप के फाइनल में वितिदसर्न का सामना जापान के कोडाइ नाराओका से हुआ। वितिदसर्न ने नाराओका को 19-21, 21-18, 21-7 से हराकर पहली बार खिताब पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में महिला एकल वर्ग का खिताब दक्षिण कोरिया की आनसे यंग ने जीता। यंग ने फाइनल में स्पेन की कैरोलिना मारिन को आसान मुकाबले में 21-12, 21-10 से हराया।

- **बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले पांचवें भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए हैं प्रणय।**
- **प्रणय से पहले किदांबी श्रीकांत (रजत पदक), प्रकाश पादुकोण, वी. साई प्रणीत और लक्ष्य सेन कांस्य पदक जीत चुके हैं।**
- **पुरुष युगल वर्ग में सात्विकसाइराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी कांस्य पदक जीत चुकी है।**

यूएस ओपन के बाद संन्यास लेंगे जॉन इस्नर

न्यूयॉर्क, अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी जॉन इस्नर ने यूएस ओपन के बाद टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की है। इस्नर ने कहा कि हर एथलीट के कैरियर में एक समय आता है, जब उसे यह निर्णय लेना पड़ता है। मेरे लिए वह समय अभी है। उन्होंने कहा कि मैं 17वीं बार यूएस ओपन में भाग लूंगा जो मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा। 38 वर्षीय इस्नर ने 16 एटीपी एकल खिताब जीते हैं। इस्नर टेनिस के इतिहास में सबसे लंबा मैच खेलने वाले दो खिलाड़ियों में से एक है।

वर्स्टापेन ने जीती डच ग्रां प्री फॉर्मूला वन रेस

जेंडवूर्ट, नीदरलैंड्स के स्टार कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-वन सर्किट पर अपना दबदबा बरकरार रखा है। वर्स्टापेन ने डच ग्रां प्री फॉर्मूला-वन रेस का खिताब अपने नाम किया है। इस सत्र में यह वर्स्टापेन की लगातार नौवीं और कुल 11वीं जीत है। वर्स्टापेन ने 72 लैप की इस रेस को 2 घंटा 24 मिनट 44 सेकेंड में पूरी की। रेस में फर्नांडो अलोंसो दूसरे, पियरे गेस्ली तीसरे, सर्जियो पेरेज चौथे और कार्लोस सेंज पांचवें स्थान पर रहे।

महिला हॉकी

भारत ने जीता एशियाई हॉकी-5एस विश्वकप क्वालिफायर टूर्नामेंट

सालालाह, भारतीय महिला हॉकी टीम ने थाईलैंड को हराकर एशियाई हॉकी-5एस विश्वकप क्वालिफायर टूर्नामेंट जीत लिया है। भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में थाईलैंड को 7-2 से हराया। इस जीत के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम ने अगले साल खेले जाने वाले महिला हॉकी-5एस विश्वकप में जगह बना ली है। एशियाई हॉकी-5एस विश्वकप क्वालिफायर के फाइनल में भारतीय महिला हॉकी टीम थाईलैंड पर हावी रहीं। भारत के लिए मैच में पहला गोल मरियाना कुजुर ने दूसरे मिनट में किया। इसके तीन मिनट बाद थाईलैंड की कुंजिरा इम्पा ने बेहतरीन फील्ड गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके तुरंत बाद कोर्नकानोक सानपोंग ने गोल कर थाईलैंड को 2-1 से आगे कर दिया। भारतीय टीम ने भी जबाबी पलटवार किया। मैच के सातवें मिनट में मोनिका टोप्पो और आठवें मिनट में मरियाना कुजुर ने गोल कर भारत को आगे कर दिया। भारतीय टीम के आक्रामक खेल के सामने थाईलैंड का डिफेंस नाकाम रहा। ज्योति ने दसवें और 27वें मिनट, नवजोत कौर ने 23वें मिनट और महिमा चौधरी ने 29वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त को 7-2 कर दिया।

- **हॉकी-5एस अंतर्राष्ट्रीय हॉकी का सबसे छोटा प्रारूप है।**
- **इस प्रारूप के तहत प्रत्येक टीम में 5-5 खिलाड़ी खेलते हैं, इनमें गोलकीपर भी शामिल है।**
- **इस प्रारूप में एक मैच के दौरान 12-12 मिनट के तीन हाफ होते हैं।**
- **पहला हॉकी-5एस विश्वकप वर्ष 2024 में ओमान में खेला जाएगा।**
- **इस विश्वकप में पुरुष और महिला दोनों वर्ग शामिल होंगे।**

एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल घोषित

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने चीन में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों के दल का ऐलान कर दिया है। भारतीय दल में 634 खिलाड़ियों को जगह मिली है, जो 38 स्पर्धाओं में पदक की दावेदारी पेश करेंगे। खेल मंत्रालय ने बताया कि भारतीय दल में सबसे ज्यादा खिलाड़ी एथलेटिक्स से संबंधित है। एथलेटिक्स में 65 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

एशियाई खेलों में भारत का दूसरा सबसे बड़ा दल फुटबॉल से है, जिसमें 44 खिलाड़ी (22 पुरुष और 22 महिला) हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा हॉकी में पुरुष और महिला वर्ग में 18-18, नौकायन में 33 और निशानेबाजी में 30 खिलाड़ियों को भारतीय दल में जगह मिली है।

क्रिकेट में भी भाग ले रहा है भारत

एशियाई खेलों में पहली बार भारत क्रिकेट स्पर्धा में भाग ले रहा है। इससे पहले एशियाई खेलों में अब तक दो बार (वर्ष 2010 और 2014) क्रिकेट को शामिल किया गया था, लेकिन भारत ने इसमें भाग नहीं लिया। इस बार बीसीसीआई ने एशियाई खेलों के लिए 15-15 सदस्यीय पुरुष और महिला टीमें घोषित की हैं।

- **एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ शहर में होगा।**
- **एशियाई खेलों में 45 देशों के एथलीट पदक के लिए दावेदारी पेश करेंगे।**
- **भारत ने अब तक खेले गए एशियाई खेलों में 155 स्वर्ण, 201 रजत और 316 कांस्य सहित कुल 672 पदक जीते हैं।**
- **एशियाई खेलों में चीन ने सबसे ज्यादा 3187 पदक जीते हैं।**
- **भारत ने एशियाई खेलों में अपना अब तक का सबसे बड़ा दल उतारा है। इससे पहले भारत ने वर्ष 2018 में 572 खिलाड़ियों का दल भेजा था।**

मैग्नस कार्लसन ने जीता फिडे शतरंज विश्वकप का खिताब



- **मैग्नस कार्लसन ने पहली बार जीता है फिडे शतरंज विश्वकप।**
- **विश्वनाथन आनंद फिडे शतरंज विश्वकप जीतने वाले पहले भारतीय हैं।**

बाकू, नॉर्वे के शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फिडे शतरंज विश्वकप का खिताब अपने नाम किया। कार्लसन ने बेहद रोमांचक फाइनल में भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रगानंदा को हराकर विश्व खिताब जीता।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला तीन दिन तक चला और चार बाजियों के बाद विजेता का फैसला हुआ। फाइनल में पहली बाजी 34 चालों तक चली वहीं दूसरी बाजी 30 चाल की रही। ये दोनों बाजियां ड्रॉ रहीं। इसके बाद विजेता का फैसला टाईब्रेकर में हुआ। टाईब्रेकर में प्रगानंदा और कार्लसन के बीच दो बाजियां खेली गईं। पहली बाजी में कार्लसन ने जीत दर्ज की, वहीं दूसरी बाजी ड्रॉ पर खत्म हुई।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

चांद पर भूकंप

विक्रम लैंडर ने रिकॉर्ड की हलचल

भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा भेजे गए चंद्रयान 3 ने दुनिया को पहली बार चांद पर आए भूकंप यानी कंपन



की जानकारी दी है। इसरो के अनुसार चंद्रमा पर यह भूकंप विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर की मौजूदगी में आया। इसरो ने चांद पर हुई भूकंपीय गतिविधि को पहली बार रिकॉर्ड किया है। साथ ही दुनिया को यह पता चल गया है कि धरती की तरह चांद पर भी भूकंप आता है। भूकंप आने के बाद भी लैंडर विक्रम और प्रज्ञान रोवर चांद पर पूरी तरह सुरक्षित हैं। भूकंप को लेकर प्रज्ञान रोवर और अन्य पेलोड ने भी डेटा भेजा है और अब घटना को लेकर जांच की जा रही है।

ज्ञात रहे कि चंद्रयान-3 के साथ जो पेलोड्स चांद पर गए हैं, उनमें रंभा, चास्टे, इल्सा और ऐरे शामिल हैं। ये पेलोड्स चांद के अहम राज खोलेंगे। विक्रम लैंडर के ILSA में छह हाई-सेंसिटिविटी एक्सेलेरोमीटर का एक समूह शामिल है, जो सिलिकॉन माइक्रोमैकेनिंग प्रक्रिया का इस्तेमाल करके स्वदेशी रूप से तैयार किया गया है। कोर सेंसिंग एलीमेंट में कंघी जैसी इलेक्ट्रोड के साथ एक स्प्रिंग-मास सिस्टम होता है। बाहरी कंपन से यह स्प्रिंग हिलता है, जिसके परिणामस्वरूप कैपेसिटेंस में परिवर्तन होता है।

मलेशिया ने स्वतंत्रता दिवस की 66वीं वर्षगांठ मनाई

मलेशिया ने 31 अगस्त को परेड, आतिशबाजी और बड़े पैमाने पर समारोहों के आयोजन के साथ स्वतंत्रता दिवस की 66वीं वर्षगांठ मनाई। एक दिन पूर्व हजारों मलेशियाई लोगों ने देशभक्ति गीत गाकर और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस मनाया और इस उत्सव का समापन अल सुबह पुत्रजया के प्रशासन केंद्र में राजा सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह की देखरेख में परेड के साथ हुआ।

15वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

ब्रिक्स देशों के नागरिकों के जीवन में सकारात्मकता लाएंगे : श्री मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में आयोजित 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया। वहां मौजूद विभिन्न देशों के नेताओं ने वैश्विक आर्थिक सुधार, अफ्रीका और ग्लोबल साउथ के साथ साझेदारी सहित महत्वपूर्ण चर्चा की और ब्रिक्स एजेंडे पर अब तक हुई प्रगति की भी समीक्षा की।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान, एक मजबूत ब्रिक्स का आह्वान किया जो इस प्रकार है: B- ब्रेकिंग बैरियर्स(बाधाओं को तोड़ना), R- रिवाइटलाइजिंग इकोनॉमीज (अर्थव्यवस्थाओं को पुनर्जीवित करना), I- इंस्पायरिंग इनोवेशन (प्रेरक इनोवेशन), C- क्रिएटिंग अपॉर्चुनिटी (अवसर पैदा करना), S-शेपिंग द फ्यूचर (भविष्य को आकार देना)। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न पहलों के जरिए हम ब्रिक्स देशों के आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।

ब्रिक्स में नये देश शामिल हुए

ब्रिक्स में भारत के अलावा चीन, दक्षिण अफ्रीका, रूस और ब्राजील शामिल हैं। 'ब्रिक्स' ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की उभरती राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं को दर्शाने वाला संक्षिप्त नाम है। यह शब्द मूल रूप से 2001 में गोल्डमैन सासक्स के अर्थशास्त्री जिम ओ'नील ने अपनी रिपोर्ट में "ब्रिक' के रूप में गढ़ा था। इस बार की बैठक में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने ब्रिक्स में छह नए देशों को शामिल करने का ऐलान किया है। ये छह देश मिस्र, सऊदी अरब, यूएई, इथियोपिया, अर्जेंटीना और ईरान हैं, ये सभी जनवरी 2024 से आधिकारिक सदस्य होंगे।

इसके अलावा ब्रिक्स-अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग में प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स को ग्लोबल साउथ की आवाज बनने का आह्वान किया। उन्होंने अफ्रीका के साथ भारत की घनिष्ठ साझेदारी को रेखांकित किया और एजेंडा 2063 के तहत अफ्रीका को उसकी विकास यात्रा में सहयोग करने संबंधी भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने बहुध्रुवीय विश्व को सशक्त करने के लिए सहयोग जारी रखने का आह्वान किया। साथ ही वैश्विक संस्थानों को प्रतिनिधिक और प्रासंगिक बनाए रखने के लिए उनमें सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने नेताओं से आतंकवाद के खिलाफ जंग, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संबंधी पहल, साइबर सुरक्षा, खाद्य एवं स्वास्थ्य सुरक्षा और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में सहयोग का आग्रह किया।

इन मुद्दों पर बनीं सहमति

- यूएनएससी सुधारों के लिए निश्चित समयसीमा तय करने का आह्वान।
- बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों और डब्ल्यूटीओ में सुधार का आह्वान।
- पारंपरिक चिकित्सा का भंडार स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।
- ब्रिक्स से ध्रुवीकरण नहीं बल्कि एकता का वैश्विक संदेश भेजने का आग्रह। ब्रिक्स साझेदारों से जी20 में एयू की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने का आह्वान।
- ब्रिक्स स्पेस एक्सप्लोरेशन कंसोर्टियम के निर्माण का प्रस्ताव पेश।
- ब्रिक्स से अपने विस्तार पर आम सहमति बनाने का आह्वान किया।
- ब्रिक्स भागीदारों को इंडियन डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर - भारतीय स्टैक की पेशकश और स्किल मैपिंग, कौशल और गतिशीलता को बढ़ावा देने का उपक्रम प्रस्तावित।
- इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस के तहत चीतों के संरक्षण के लिए ब्रिक्स देशों के संयुक्त प्रयासों का प्रस्ताव।

फ्रांस में

लड़कियों को अबाया पहनने पर प्रतिबंध

फ्रांस ने राज्य के स्कूलों और सरकारी भवनों में धार्मिक संकेतों पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। फ्रांस के शिक्षा मंत्री ने कहा है कि फ्रांस के सरकारी स्कूलों में छात्रों को अबाया पहनने पर प्रतिबंध लगाया है। उसका कहना था कि ये संकेत धर्मनिरपेक्ष कानूनों का उल्लंघन करते हैं। ज्ञात रहे कि साल 2004 से ही स्कूलों में हेडस्कार्फ या हिजाब पहनने पर प्रतिबंध लगा हुआ है।

- अबाया कुछ मुस्लिम महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला एक गाउन है।
- इसमें चेहरे के अलावा शरीर का कोई और अंग नहीं दिखता है।
- पिछले कई महीनों से देश में अबाया पर बहस जारी थी।
- चार सितंबर को जब नया शैक्षिक सत्र शुरू होगा, उसी समय यह नियम लागू कर दिया जाएगा।

शिक्षा मंत्री गेब्रियल अटाल ने फ्रांस के टीएफ1 टीवी को इस फैसले के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'जब आप कक्षा में प्रवेश करते हैं, तो आपको केवल विद्यार्थियों को देखकर उनके धर्म की पहचान करने में सक्षम नहीं होना चाहिए। इसलिए मैंने फैसला किया है कि स्कूल में अबाया नहीं पहना जा सकता है।' पिछले कई महीनों से देश में इस बात पर बहस जारी थी कि क्या स्कूलों में लड़कियों का अबाया पहनकर आना ठीक है।

बता दें कि साल 2010 में, फ्रांस ने पूरे चेहरे पर पहने जाने वाले नकाब को सार्वजनिक तौर पर प्रतिबंधित कर दिया था। इस फैसले ने देश के 50 लाख वाली मुस्लिम आबादी को नाराज कर दिया था।

मिस्र में भारतीय वायुसेना का युद्धाभ्यास शुरू



- इसमें मेजबान देश एवं भारत के अलावा अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की सेनाएं भाग ले रही है। भारतीय वायुसेना इस अभ्यास में पहली बार भाग ले रही है।

मिस्र में शुरू हुए 21 दिवसीय बहुपक्षीय युद्धाभ्यास में भारतीय वायु सेना के पांच मिग-29 लड़ाकू विमान, छह परिवहन विमान और इसके विशेष बल के कर्मियों का एक समूह भाग ले रहा है।

वायु सेना ने कहा, वायु सेना दल में पांच मिग-29, दो आईएल-78, दो सी-130 और दो सी-17 विमान शामिल हैं। भारतीय वायुसेना के गरुड़ विशेष बल के कर्मियों के अलावा नंबर 28, 77, 78 और 81 स्क्वाड्रन के कर्मी भी इस अभ्यास में भाग ले रहे हैं। भारतीय थल सेना के लगभग 150 जवान भी भारतीय दल का हिस्सा हैं।

तालिबान में महिलाओं पर नयी पाबंदी

तालिबान अफगानिस्तान के सर्वाधिक लोकप्रिय स्थलों में से एक राष्ट्रीय पार्क बंद-ए-अमीर में महिलाओं को जाने से रोकने के लिए सुरक्षाबलों का इस्तेमाल करेगा। अफगानिस्तान के 'सदाचार' मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। इससे एक सप्ताह पहले मंत्री मोहम्मद खालिद हनाफी ने प्रांत का दौरा किया था और अधिकारियों तथा धार्मिक नेताओं से कहा था कि महिलाएं हिजाब पहनने के सही तरीके का पालन नहीं कर रही हैं। हनाफी ने सुरक्षाकर्मियों से महिलाओं को पर्यटन स्थल पर जाने से रोकने के लिए कहा था और कहा, 'महिलाओं के लिए दर्शनीय स्थलों की यात्रा करना जरूरी नहीं है। ज्ञात रहे कि मंत्रालय के प्रवक्ता मौलवी मोहम्मद सादिक अकीफ ने हनाफी के बयान पर आधारित

69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा

पुष्पा के लिए अल्लू अर्जुन और गंगू बाई के लिए आलिया को पुरस्कार

69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की हाल ही में घोषणा की गई है। पुष्पा के लिए अल्लू अर्जुन और गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए आलिया को राष्ट्रीय पुरस्कार।

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भारत में सबसे प्रमुख फिल्म पुरस्कार समारोह है। 24 अगस्त की शाम पांच बजे नई दिल्ली में 69वें नेशनल अवॉर्ड के विनर्स का ऐलान हुआ है। साल 2021 में पुरस्कारों के लिए 28 भाषाओं की 280 फिल्मों की एंट्री आई इनमें फीचर फिल्म में 31, गैर-फीचर में 24 और सिनेमा की स्क्रिप्ट राइटिंग में 3 कैटगरी हैं। इस साल बेस्ट एक्ट्रेस के लिए एक नहीं बल्कि दो-दो अदाकाराओं ने अवॉर्ड जीता।

नेशनल फिल्म अवॉर्ड की विजेता सूची

बेस्ट फीचर फिल्म - रॉकेट्री द नंबी इफेक्ट (आर. माधवन)

बेस्ट एक्शन डायरेक्शन - RRR

बेस्ट हिंदी फिल्म - सरदार उधम (विक्की कौशल)

बेस्ट एक्ट्रेस - आलिया भट्ट (गंगूबाई काठियावाड़ी) और कृति सेनन (मिमी)

बेस्ट एक्टर - अल्लू अर्जुन (पुष्पा फिल्म)

बेस्ट एडिटर - संजय लीला भंसाली (गंगूबाई काठियावाड़ी)

बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर - पंकज त्रिपाठी (मिमी)

बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस - पल्लवी जोशी (द कश्मीर फाइल्स)

बेस्ट एक्शन डायरेक्टर - RRR

बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर - देवी श्री प्रसाद (पुष्पा)

बेस्ट कोरियोग्राफी - RRR

बेस्ट स्पेशल इफेक्ट्स - RRR

बेस्ट गुजराती फिल्म - छेलो शो

बेस्ट मिशिंग फिल्म - बूम्बा राइड

बेस्ट असमी फिल्म - अनुर

बेस्ट बंगाली फिल्म - कालीखो

बेस्ट कन्नड़ फिल्म - 777 चार्ली

बेस्ट मैथिली फिल्म - समांतर

बेस्ट मराठी फिल्म - एकदा के जाला

बेस्ट मलयालम फिल्म - होम

बेस्ट नॉन फीचर फिल्म - एक था गांव

बेस्ट सिनेमेटोग्राफर - बिट्टू रावत (पत्तल टी)

बेस्ट डायरेक्टर - बकुल मटियानी (स्माइल प्लीज)

बेस्ट फिल्म ऑन फैमिली वैल्यूज - चंद सांसें (हिंदी)

ताइवान चुनाव

फॉक्सकॉन के मालिक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

ताइवान की इलेक्ट्रिक कंपनी के मालिक और अरबपति टेरी गॉ भी अब चुनावी मैदान में कूद पड़े हैं। उन्होंने पिछले कई महीनों से लगाई जा रही अटकलों पर विराम लगा दिया। इसके साथ ही हुए 2024 में होने वाले ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर किस्मत आजमाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि ताइवान को अर्थव्यवस्था और गृह संबंधी अन्य मामलों पर नए दृष्टिकोण की भी जरूरत है। उन्होंने कहा, 'अंदरुनी मामलों की बात करें तो राष्ट्रीय नीतियां त्रुटियों से भरी हुई हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।